हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार, नवंबर 24, 2025



# बार्डर इलाकों की सोसाइटियों में नजर, कोचियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई से मची खलबली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान की सरकारी खरीदी शुरू होने के साथ ही जिला प्रशासन द्वारा बार्डर इलाकों की सोसाइटियों में तगड़ी मोर्चाबंदी की गई है। वहीं पड़ोसी राज्यों के धान को खपाने की जुगत लगाए कोचियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू किए जाने से खलबली मची हुई है। पिछले एक हफ्ते में करीब सवा करोड़ रुपए का अवैध धान जब्त किए जाने के साथ ही अब कोचियों के खिलाफ एफआईआर की भी तैयारी है। हर साल मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से धान की तस्करी कर लाखों रुपए का वारा-न्यारा करने वाले कारोबारी सकते में आ गए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धान की सरकारी खरीदी के दौरान पड़ोसी राज्यों से आने वाले अवैध धान को रोकने के कड़े निर्देश दिए हैं। शासन ने यह भी कहा है कि कोचियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। सीएम के कड़े निर्देश होने के चलते शासन स्तर पर भी यह अपडेट लिया जा रहा है कि आखिर किस जिले ने कितनी कार्रवाई की है। सूत्रों ने बताया कि अवैध धान की जब्ती और कोचियों पर कार्रवाई करने के मामले में राजनांदगांव पूरे प्रदेश में अभी अव्वल चल रहा है। यहां पिछले एक हफ्ते में करीब सवा करोड़ रुपए का धान जब्त किया गया है। वहीं 35 कोचियों पर कार्रवाई की गई है। लगातार कार्रवाई से कोचियो में खलबली मची हुई है। गौरतलब है कि कोचियों द्वारा हर साल बार्डर इलाकों के खरीदी केंद्रों में अवैध धान को खपाया जाता है।

⏩ शेष पेज 14 पर

## धान खपाने की जुगत में जुटे कोचियों पर निगरानी, फिल्ड पर उतरकर कार्रवाई कर रहे अफसर

### दबाव बनाने में जुटे कोचिये

प्रशासन द्वारा ताबड़तोड़ कार्रवाई किए जाने के बाद कोचियों ने अब नेताओं के जरिये दबाव बनाने की भी तैयारी की है। सूत्रों ने बताया कि जिले के कुछ नेताओं के जरिये कोचियों पर कार्रवाई रोकने का दबाव भी बनाया जा रहा है। हालात यह है कि खरीदी के पहले कोचियों ने अवैध धान को डंप कर रखा हुआ है। कार्रवाई के चलते वे इसे खरीदी केंद्रों में नहीं खपा पा रहे हैं। यही कारण है कि नेताओं के जरिये अब उन्होंने दबाव बनाना शुरू किया है।



### 8 लाख का धान पकड़ाया

प्रशासन की जारी कार्रवाई के बीच रविवार को भी जिले में दो प्रकरण में लगभग 9 लाख रुपए लागत का 299 क्विंटल धान जब्त किया गया है। कृषि विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई में डोंगरगढ़ में 50 क्विंटल धान एवं डोंगरगांव में 240 क्विंटल धान कोचियो से जब्त किया गया है। ज्ञात हो अब तक धान कोचियों के खिलाफ कुल 37 प्रकरण तैयार किए जा चुके है।

### कोचियों की सूची तैयार

जिला प्रशासन ने धान खपाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए जहां एक तरफ ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरु कर दी है। वहीं अवैध धान को खपाने वाले कोचियों की एक सूची भी तैयार कर ली है। इन कोचियों द्वारा मंडी में धान बेचने के बजाय सोसाइटियों में धान बेचकर लाखों रुपए का व्यारा-न्यारा किया जाता है। प्रशासन ने अब कोचियों के खिलाफ एफआईआर की भी तैयारी की है।

## खबर संक्षेप

### मचाया उत्पात, पकड़ाया

**राजनांदगांव।** विवाद करने एवं उत्पात मचाने के मामले में पुलिस ने अनावेदक के खिलाफ कार्रवाई की है। थाना गैंदाटोला में क्षेत्रांतर्गत शराब, जुआ व अन्य असंवैधानिक गतिविधियों पर पैनी नजरी रखी जा रही है एवं सूचना पाकर तत्काल कार्रवाई कर निराकरण किया जा रहा है। इसी दौरान ग्राम टिपानगढ़ के एक शिकायत पर संज्ञान लिया गया। पूछताछ के दौरान अनावेदक द्वारा वाद-विवाद कर गाली-गलौज करने व संज्ञेय अपराध की आशंका व कुछ अप्रिय घटना को रोकने हेतु पेश अनावेदक की गिरफ्तारी की। कोई विकल्प नहीं होने से अनावेदक परदेशीराम साहू 40 साल एवं एक अन्य 55 साल दोनो निवासी टिपानगढ को धारा- 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत ईश्तसगासा तैयार न्याायालय में पेश किया।

### चार पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** मोहल्ले में हो-हुल्लड करने के मामले में पुलिस ने चार अनावेदकों के खिलाफ कार्रवाई की है। बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 23 नवंबर को सूचना के आधार पर क्लब चौक के पास हो-हुल्लड करने वाले अनावेदक साहिल सूर्यवंशी, उमेश निषाद, शरद यादव एवं रितेश निषाद के विरूद्व इस्तगाशा धारा 170, 126, 135(3) भानासुसं के तहत कार्रवाई कर अनावेदकों को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। वारंट प्राप्त होने के पर जेल भेजा गया।

### माय एंगल




## वनांचल में दो बाइक आपस में टकराई, गड्ढे की वजह से बिगड़ा बैलेंस

# एनएच में हादसा: दो की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

दल्ली राजहरा से मानपुर नवनिर्मित नेशनल हाईवे 930 में आम रहागीरों को लगातार मौत मिल रही है। मानपुर थाना क्षेत्र में मौत का तांडव थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। आज देर शाम नेशनल हाईवे में खोदे गए गड्ढे से अनियंत्रित होकर आपस में मोटर साइकिल चालकों की भिड़ंत हो गई। इस घटनाक्रम में दो आदिवासी युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। वहीं पीछे बैठी महिला की स्थिति नाजुक बनी हुई, जिसे मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

उल्लेखनीय है कि मानपुर से 1 किलोमीटर दूर मल्हार मोड़ से पहले नेशनल हाईवे में खोदे गए गड्ढे से अनियंत्रित होकर दो मोटर साइकिलों के आपस की भिड़ंत से दो युवकों की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई है। वहीं पीछे बाइक में बैठी महिला की स्थिति नाजुक बनी हुई है, जिसे राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना को लेकर बताया गया कि कोहका थाना क्षेत्र के बेलगांव निवासी श्रीराम कोमरे उम्र 30 वर्ष पिता चरण कोमरे, पत्नी नीलू कोमरे अपने मोटर साइकिल से मानपुर से बेलगांव अपने गांव जा रहे थे। विपरीत दिशा से मानपुर थाना क्षेत्र के आमाटोला नेडगांव निवासी सोमदेव गावडे पिता रामलाल गावड़े उम्र 25 वर्ष अपने मोटर साइकिल में धान लेकर अपने गांव जा रहा था, तभी मानपुर नगर से बाहर मल्हार मोड़ से पहले नेशनल हाईवे में खोदे गए गड्ढे को अंकित करने रखी गिट्टी से भरे बोरी से टकराकर मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर आपस में भिड़ गए। हादसा इतना भयावह था कि दोनों का सर बुरी तरह से कुचला गया और दोनों युवाओं की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं महिला को सड़क से उठाकर गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर लाया गया, जहां से मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। दल्लीराजहरा से मानपुर नेशनल हाईवे 930 में जगह-जगह गड्ढे हैं। गड्ढा को दर्शाने के लिए निर्माण एजेंसी ने बोरी में रेत, मुरूम, गिट्टी भरकर हाईवे में रखे हैं। वहीं पुल-पुलिया अप-डाउन है। जिसके आगोश में आकर अब तक दो दर्जन से भी अधिक आम ग्रामीणों की हाईवे में मौत हो चुकी है।



### मानपुर बंद का आह्वान

इधर मानपुर में लगातार हो रहे हादसे को लेकर आमजनों में भी आक्रोश पनप गया है। कल आमजनों ने मानपुर बंद और चक्काजाम का आह्वान किया है। लोगों की मांग है कि एनएच का निर्माण कर रहे ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर और अब तक हुई मौत के बदले मुआवजा की मांग की है।

### जांच जारी

दो युवाओं की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। महिला की स्थिति गंभीर है, जिसे राजनांदगांव रेफर किया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

- बृजेश सिंन्हा, थाना प्रभारी, मानपुर

**राजनांदगांव।** उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं में ब्रेक लगने के बाद पिछले तीन दिनों से अंचल में तापमान लगातार चढ़ने लगा है। दिन का तापमान जहां 28 डिग्री के करीब पहुंच गया है। वहीं न्यूनतम तापमान भी चढ़कर 14 डिग्री आ गया है। अगले दो दिन तापमान चढ़ने के बाद गिरावट की संभावना है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जन
उपलब्ध सुविधाएं...
- सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- पित्त की थैली का ऑपरेशन
- बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
- छोटी एवं बड़ी आंत की बिमारियों का ऑपरेशन
- आमाशय एवं अग्नाशय की बिमारियों का ऑपरेशन
- मलद्वार का बाहर आ जाना, हाईड्रोसील का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन, स्तन के गांव का ऑपरेशन
- तापतिल्ली (स्प्लीन वृषण ट्यूमर)
- सभी प्रकार के लेप्रोस्कोपिक ऑपरेशन

डॉ. देवांगन पॉल चौधरी
MBBS, MS, FMAS, FILP

OPD : 10 AM to 5.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

# धोखाधड़ी के आरोपी को पुलिस ने किया 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग-अलग जगह की जमीन को अपना बताकर लाखों रुपए की ठगी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आवेदक स्वयं का मकान बनाने के लिए जमीन खरीदने के लिए पता किया। इसी दौरान प्रार्थी की मुलाकात आरोपी सईद खान निवासी सहदेव नगर से हुई, जो अपने आपको प्रापर्टी डिलर होना तथा स्वयं के नाम से शहर के लखोली क्षेत्र में होना बताकर लखोली स्थित प्लाट रकबा 5000 वर्ग फुट भूमि के लिए 27,50,000 रुपए में प्रार्थी से सौदा तय कर 3 लाख रुपए बयाना राशि प्राप्त किया। बाद में आरोपी द्वारा प्रार्थी को रामनगर स्थित भूमि रकबा 5000 वर्गफुट भूमि को अपना स्वामित्व बताकर 27,50,000 रुपए में प्रार्थी से सौदा तय कर 3 लाख रुपए बयाना राशि प्राप्त किया।



### थाना में मामला दर्ज

बाद में प्रार्थी को जानकारी प्राप्त हुआ कि आरोपी सईद खान दूसरे की जमीन को अपना बताकर प्रार्थी से कुल 6 लाख रुपए लेकर धोखाधड़ी किया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 420 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपी के सकुनत पर दबिश देकर आरोपी सईद खान निवासी सहदेव नगर को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। आरोपी का न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने के पश्चात जेल दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर, सहायक उपनिरीक्षक गोवर्धन देशमुख, प्रधान आरक्षक दीपक जायसवाल, आरक्षक प्रवीण मेश्राम, आशीष मानिकपुरी, कुश बघेल, अतहर अली की सराहनीय भूमिका रही।

### पुलिस ने की कार्रवाई

इस मामले में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं सीएसपी वैशाली जैन, पुष्पेन्द्र नायक के दिशा-निर्देश पर आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु निर्देश प्राप्त होने पश्चात निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई की गई।

## दामों में राहत मिलने के आसार कम, लोग परेशान

# लोकल बाड़ियों से आवक कम, सब्जियों के दाम में उछाल, भिंडी-बरबट्टी सौ पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सब्जी बाजार में नए सब्जियों की बहार है, लेकिन दामों में उछाल है। आसपास के बाडियों से आवक कम होने एवं पूर्व में बारिश होने की स्थिति में सब्जियों की फसल खराब होने के कारण भी सब्जियां महंगी हो रही है।



सब्जी व्यवसायियों के अनुसार पूर्व में हुए मौसम खराब, बारिश, बदली की स्थिति के चलते सब्जियों के फसल पर असर पडा है। जिसके चलते दाम में इन दिनों उछाल बना हुआ है। अधिकांश सब्जियां लगभग 80 से 100 रुपए किलो तक बिक रही है। जिसके चलते आम लोग चिंता में है। मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों सब्जी बाजार में लोकल बाड़ियों से सब्जियों की आवक जितनी होनी चाहिए थी, उतनी नहीं हो पा रही है। वहीं ग्रामीण इलाकों में वर्तमान में धान कटाई का कार्य जोर पकड़ लेने से ग्रामीण खेतों में व्यस्त हैं। बाड़ियों में काम करने वालों की कमी बनी हुई है। जिससे सब्जियों की तोड़ाई पर भी असर पड़ रहा है।

**अधिकांश सब्जियों के दाम बढ़े :** सब्जी व्यवसायियों के मुताबिक बाजार में भिंडी लगभग 80 रुपए किलो, बरबट्टी 80 रुपए, नवल गोल 60 से 80 रुपए, गोभी 60 से 80 रुपए, सेमी 80 से 100 रुपए, लौकी 40 रुपए, परवल 40 से 50 रुपए, पत्तागोभी 20 से 30 रुपए, मिर्ची 40 रुपए, धनिया 80 से 100 रुपए, लहसुन 80 से 100 रुपए, अदरक 60 से 80 रुपए किलो तक बिक रहा है। पूर्व में टमाटर 10 से 12 रुपए किलो तक बिक रहा था। जिसकी कीमत में भी उछाल आ चुका है। बाजार में टमाटर 50 से 60 रुपए किलो तक बिक रहा है। बाजार में अधिकांश सब्जियों के दाम बढ़े हुए हैं। भाजी, मूल, गाजर इत्यादी भी इससे प्रभावित है।

### बाहर से पहुंच रही सब्जियां

इधर सब्जी मंडी में प्रदेश के बाहर मप्र के छिंदवाडा, नागपुर की ओर से सब्जियों की आवक बनी हुई है। वह भी पूर्व की तरह नहीं है। बताया गया कि गोभी, धनिया, पत्ता गोभी सहित अन्य सब्जियां बाहर से पहुंच रही है। वहीं लोकल बाड़ियों से भटा, नवल गोल, भिंडी, बरबट्टी , भाजियां सहित अन्य सब्जियों की आवक है।

### आवक बढ़ने पर होंगे दाम सामान्य

माना जा रहा है कि आगामी दिनों में लोकल बाड़ियों एवं बाहर से सब्जियों की आवक बढ़ने के बाद दाम सामान्य हो पाएंगे। फिलहाल बाजार में नए व हरी सब्जियों की बहार है। इधर वैवाहिक सीजन के चलते बाजार में सब्जियों की मांग भी बढ़ी हुई है।

## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** (1) चन्द्रकला पटेल पिता\पति-परस राम पटेल पता - गोपिया पारा पुरानी बस्ती, (2) कान्त तिवारी पिता\पति- स्व.राम कृष्ण तिवारी पता - 248 समता कॉलोनी रायपुर, (3) तम्मंत पटेल पिता\पति लक्ष्मीकान्त पटेल पता – रायपुर, (4) भारती चंद्राकर पिता\पति दीपक चंद्राकर पता - शिव विहार कॉलोनी संतोषी नगर रायपुर, (5) अनिल जनबंधु पिता\पति-स्व. कुंडलिक जनबंधु पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, (6) लक्ष्मीकान्त वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता - रायपुरा रायपुर ,(7) चन्द्रकला पिता\पति संतोष कुमार साहू पता - कुरूद रावाभाटा बिरगांव , (8) पुलकित कुमार साहू पिता\पति पवन कुमार साहू पता - शहीद नगर बिरगांव, (9) सूर्यकांत साठे पिता\पति -प्रकाश राव साठे पता - अश्वनी नगर रायपुर, (10) लोकेश कुमार वर्मा पिता\पति-हेमू राम वर्मा पता - तरपोंगी रायपुर, (11) पार्थिव धुवारे पिता\पति ओम प्रकाश धुवारे पता- इंद्रा नगर भिलाई, (12) निशा यादव पिता\पति केशव यादव पता- प्रेम नगर सिकोलाभाठा दुर्ग, (13) रौनक सिंह राजपूत पिता\पति युवराज सिंह राजपूत पता-दुर्गा चौक दीपक किराना स्टोर शंकर नगर दुर्ग, (14) हर्ष राजपूत पिता\पति कौशल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, (15) वेदांश तम्बोली पिता\पति खुशाल तम्बोली पता - गणेश पान मंदिर इंदिरा मार्केट, (16) चेतन देवांगन पिता\पति ओम प्रकाश देवांगन पता-गायत्री मंदिर दुर्ग, (17) राकेश कुमार यादव पिता\पति राजू यादव पता- गणेश चौक ए.सी.सी. जामुल, (18) आशीष शर्मा पिता\पति राजेंद्र शर्मा पता-बापू नगर खुर्शिपार भिलाई, (19) पोषण देवांगन पिता\पति कमलबी देवांगन पता- खुर्शिपार भिलाई, (20) नीमा साहू पिता\पति केशव साहू पता - सेलूद भिलाई , (21) हेमलता साह पिता\पति दाऊ लाल साहू पता - बेलर, (22) आदित्य यदु पिता\पति आनंद मधु यदु पता- छाती धमतरी, (23) लोकेश कुमार उपाध्याय पिता\पति स्व. राधे प्रसाद उपाध्याय पता- आमा तालाब रोड गौरा चौरा के पास धमतरी, (24) पारख प्रकाश साहू पिता\पति फल्लेश साहू पता-बोडरा स धमतरी, (25) रोहित तिवारी पिता\पति राधेश्याम तिवारी पता -राजनादगांव, (26) साधना ठाकुर पिता\पति केसव सिंह पता-डोंगरगढ़, (27) हेजल साहु पिता\पति मेषकुमार साहु पता - टेड़ेसरा, (28) शोभा राम देवांगन पिता\पति सेवा राम देवांगन पता-बेमेतरा, (29) अनिषा भगत पिता\पति धनमोहन भगत पता-जेल लाइन कांकेर, (30) डीपेश कुमार सेन पिता\पति गौकरण कुमार सेन पता-नवागांव, (31) मिनाक्षी सुधाकर वाकचौके पिता\पति सुधाकर वाकचौके पता-शांति नगर जगदलपुर, (32) शकीला परवीन पिता\पति मोहम्मद परवीन पता-रायपुर(पिथोरा), (33) प्रीति साहू, पिता\पति राम साहू पता-कवर्धा, (34) अखिलेश कुमार यादव पिता\पति सोहनलाल यादव पता-सिविल लाइन षष्ठी मंदिर के पास, (35) भगवती प्रसाद पिता\पति रामचरण प्रसाद पता-कोंडागांव। **बिलासपुर संस्करण -** (36) अनंदिता सूर्यवंशी, पिता का नाम अशोक सूर्यवंशी पता-राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर, (37) काब्या पटेल, पिता- मोहन पटेल पता- छोटी कोनी बिलासपुर, (38) अशोक कुमार देवांगन, पिता- केदारनाथ देवांगन, पता – कुम्हारपारा करबला रोड, बिलासपुर (39) अपूर्वा कौशिक पिता- दिलीप कौशिक पता-यदुनंदन नगर तिफरा, बिलासपुर (40) आयुष्मान मिश्रा, पिता - केशव कुमार मिश्रा पता– राजकिशोर नगर, – बिलासपुर (41) केदार नाथ श्रीवास, पिता–बहोरन लाल श्रीवास, – बिलासपुर पता - महिर्ष स्कूल रोड मंगला बिलासपुर, (42) मंजू बंजारे, पिता– संतोष कुमार बंजारे पता - मिनी माता नगर तेलीपारा बिलासपुर, (43) सुरेखा गुप्ता, पिता – स्व. रामकुमार गुप्ता पता– सरकंडा कपिल नगर बिलासपुर, (44) अशोक कुमार कौशिक पिता– स्व.श्री बी.आर.कौशिक, पता – ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर, (45) इरम परवीन, पिता– शेख शरीफ, पता बिलासपुर कुदुदण्ड, (46) किशोर कुमार त्रिवेदी पिता–स्व.ए.के.त्रिवेदी, पता – बिलासपुर, (47) श्रीमती रानी मिश्रा, पिता–स्व.सुधीर चंद्र मंडल, पता – फ्रेंड्स रेसीडेंसी सरकंडा, बिलासपुर, (48) प्राची गंधर्व, पिता– कृष्णा गंधर्व, पता- न्यूज़ सरकंडा जबरापारा, बिलाासपुर (49) नवीन पटेल, पिता–भैयाराम पटेल, पता – अभिषेक बिहार फेस-2 मंगला, बिलासपुर (50) नारद कुमार विश्वकर्मा, पिता– श्री राम सिंह, पता – नूतन चौक बिलासपुर, (51) दुष्यंत देवांगन, पिता–हरनारायण देवांगन, पता – मातृ छाया होस्टल बिलासपुर, (52) राजकुमार खरे पिता– स्व.मुन्नालाल खरे पता – साईं बिहार कॉलोनी मोपका, बिलासपुर (53) कल्याणी साहू पिता–जगदेव साहू पता – सकरी, बिलासपुर (54) सोम्य साहू, पिता– दीपक कुमार पता – सकरी, बिलासपुर (55) धनीराम टंडन पिता– स्व.बजारू टंडन पता – तालापारा बिलासपुर, (56) चित्रलेखा यादव, श्री श्यामलाल यादव, पता – शांति नगर सकरी, बिलासपुर (57) शाजी थामस पिता– स्व.सी.पी.थॉमस पता – बिलासपुर, (58) गुंजन साहू, पिता–दिलेश कुमार साहू, पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसदा, जिला–बिलासपुर। **भोपाल संस्करण -** (59) समिक्षा जैन पिता\पति सुभाष जैन पता-बैरसिया, (60) आयशा बी पिता\पति मुईन पता- बैरसिया, (61) चरण सिंह पिता\पति रामनारायण पता- मकान नं 13 ग्राम चंदेरी बैरसिया रोड, (62) नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगरकरोदभोपाल, (63) ज्योति बंजारा पिता\पति विजय सिंह पता-बंजारा बड़ी उकावद गुना, (64) अमिता पिता\पति उदित गौर पता-वार्ड न 17 तवा कॉलोनी हरदा, (65) साधना गौर पिता\पति रविशंकर गौर पता- तवा कॉलोनी हरदा, (66) विराज घाटे पिता\पति कपिल घाटे जोशी कॉलोनी हरदा, **जबलपुर संस्करण -** (67) आस्था अग्रवाल पिता\पति विजय अग्रवाल पता-कांचघर चौक संजय गांधी बोर्ड घमापुर, (68) हर्ष नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (69) राजेंद्र सोनकर पिता\पति नारायण प्रसाद सोनकर पता-मोहनी होम्स बिलहरी, (70) मान्यता अहिरवार पिता\पति राजेंद्र अहिरवार पता-ग्वारीघाट रोड, (71) यश नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (72) अंजना नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पंडित नेहरू वार्ड क्रमांक 8 बाजार मोहल्ला पाटन, (73) वंश यादव पिता\पति राजेश यादव पता-गुरु मोहल्ला पाटन जबलपुर, (74) मयंक मेहरा पिता\पति मिथिलेश कुमार पता-मेहरा पाटन।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### पंचायत ने किया मितानिनों का सम्मान

**सोमनी।** ग्राम पंचायत परमालकसा में मितानिन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पंचायत परिवार ने मितानिन खेतिहारीन मारकंडे, कमरता साहू, प्रभा साहू, मितानिन प्रेरक तुलसी महिलांग को साड़ी एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर पंचायत प्रतिनिधियों ने समाज सेवा के काम करने प्रेरित किया। कचरा संग्रहण के लिए ग्राम पंचायत की ओर से कूडादान दिया गया।

### कैडेटों ने निकाली जागरूकता साइकिल रैली



**अंजोरा।** एनसीसी दिवस के अवसर पर अंजोरा स्थित प्रथम घुड़सवार रेजिमेंट एनसीसी के कैडेटों ने विभिन्न सामाजिक सेवा कार्य किए। कैडेटों ने घोड़े पर सवार होकर एनसीसी ध्वज लेकर मार्च पास्ट किया। सायकल रैली के माध्यम से जन-जागरुकता अभियान के तहत सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु लोगों को जागरूक किया। कैडेटों ने दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर कचरा एकत्र किया। अंत में कैडेटों ने एनसीसी गान एवं भारत माता के जयघोष के साथ समापन किया।

### दुष्यंत बने आबकारी सब इंस्पेक्टर



**मुरमुंदा।** अपनी मेहनत और लगन के दम पर छत्तीसगढ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता हासिल कर दतरेंगाटोला के दुष्यन्त चन्द्रवंशी ने आबकारी सब इंस्पेक्टर बनने में कामयाबी हासिल किया ठै। शुरू से ही मेधावी दुष्यंत चन्द्रवंशी की उपलब्धि से माता-पिता, परिवार जन एवं इष्टमित्रो मे खुशी की लहर है। दुष्यन्त ने उपलब्धि का श्रेय खुद की मेहनत, गुरूजनो एवं माता-पिता के मार्गदर्शन को दिया है। दुष्यन्त को कंवर महासभा अध्यक्ष बिंदुलाल चंद्रवंशी, महिला जिला अध्यक्ष ललिता कंवर, नीलाम्बर चंद्रवंशी, इंदिरा चन्द्रवंशी, युवा जिलाध्यक्ष प्रमोधदास सिरदार, सीएल चंद्रवंशी, कुलवंत दुधनांग, धनुषराम कंवर, रवि चंद्रवंशी, महेंद्र कंवर, संजीव चंद्रवंशी, भुवनेश्वर कंवर, शिव कंवर, भागवत कंवर, विक्रम कंवर, शोभित कंवर, कल्पलता कंवर, संगीता करवार, हेमलता दुधनांग, रतिराम मुंजारिया, कोमल वर्मा, हेमंत वर्मा, प्रमोद सिन्हा आदि ने बधाई दी है।

### शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के व्याख्याता अजय पाठक, हेपशीबा एंथोनी द्वारा प्राचार्य आरके देवांगन की अनुमति से शाला त्यागी बच्चों को पुनः शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें वह विद्यार्थी हैं जो शाला बीच में छोड़ चुके हैं या परीक्षा फॉर्म भरने के बाद शाला नहीं आ रहे है। आ भी गए तो शाला अवधि में अकारण बिना बताए अन्यत्र चले जाते हैं। पालकों, ग्राम प्रमुख तथा सरपंच से निवेदन किया गया कि जो भी बच्चे स्कूल समय में इधर-उधर भ्रमण करते हैं उन्हें शाला भेजें। इन सभी विद्यार्थियों की काउंसलिंग की गई कि कहीं उन्हें आर्थिक तंगी, स्वास्थ्य समस्याएं, प्रतिकूल माहौल, पारिवारिक समस्या या कोई लत तो नहीं है। इन विद्यार्थियों को पढ़ाई का महत्व को बताते हुए आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

राजस्थान के बाशिंदे हुए अपराध के शिकार

# भेड़ चोरी के बाद मारपीट तीन आरोपी हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

भेड़ चोरी करते पकड़े जाने पर प्रार्थी पर हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपियों से छुरा एवं बाइक बरामद किया गया है।

पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर पटेल, पुलिस अनुविभागिय अधिकारी ताजेश्वर दीवान के निर्देशन तथा अंबागढ़ चौकी थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी राठौर व चौकी पाटनखास प्रभारी गणेश यादव के नेतृत्व में भेड़ चोरी व मारपीट के मामले में तीन आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### मारपीट कर छुरा चलाया

पुलिस के मुताबिक आवेदक श्याम रबारी 25 वर्ष ग्राम मिंदीआड़ा थाना अंजार जिला कच्छ का रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह लगभग छह वर्षों से मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं महाराष्ट्र बॉर्डर क्षेत्र के जंगलों में अपने साथियों के साथ भेड़ चराता है। गत 21 नवंबर को लगभग 5 बजे उसके नौकर सूरज बैगा ने बताया कि एक भेड़ नजर नहीं आ रही है, जिस पर अपने बड़े भईया माँगा रबारी के साथ मोटर साइकिल से खोजते हुए ग्राम डंडासुर की ओर गए तो डंडासुर से वासड़ी जाने वाले मार्ग पर एक पेड़ के पास तीन व्यक्ति उसके भेड़ को छुरी से काटकर सिर व धड़ को अलग कर दिया था। पूछने पर तीनों व्यक्तियों ने उसे और बड़े भैया मंगा रबारी के साथ मारपीट किया तथा इंद्रकुमार नेताम अपने हाथ में रखे लोहे के छुरा से उसके बड़े भाई की बांई भुजा के पीछे वार किया जिससे खून निकलने लगा। भाई वहीं पर गिरकर बेहोश हो गया। तीनों व्यक्ति कटे भेड़ को छोड़कर भाग गए। रिपोर्ट पर धारा 296, 303(1), 118(1), 3/5 बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।

**पुलिस ने की कार्रवाई**

इस मामले में पुलिस ने आरोपी इंद्रकुमार नेताम, पवन यादव, अर्जुन सिंह निवासी डंडासुर को पकड़कर थाना लाया। आरोपी इंद्रकुमार नेताम को घटनास्थल में पेश करने पर एक छुरा एवं आरोपी अर्जुन लाऊत्रे से पल्सर मोटर साइकिल को जब्त किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय में पेश किया गया।

# पेनाल्टी शूट से तय हुआ परिणाम

## फुटबाल स्पर्धा में साइंस कॉलेज राजनांदगांव विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



डॉ बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय में गत दिनों सेक्टर स्तरीय पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा का शुभारंभ जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष योगेश पटेल ने किया। इस दौरान प्राचार्य डॉ एके धमगाये, पार्षद पद्मिनी ठाकुर, सदस्य महेश्वर साहू, गोविंदा राजपूत, गौरव यदु, नवनीत अहीर उपस्थित थे।

इस दौरान श्री पटेल ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ अच्छे खेल का प्रदर्शन करने प्रेरित किया। पार्षद पदमि जी ने खेल से शारीरिक मज़बूती और विकास के लिए जरूरी बताया। प्रतियोगिता में खेल अधिकारी पीके हरि, परेश वर्मा, अशोक चौधरी, मुन्नालाल नंदेश्वर एवं डॉ. मोरध्वज सोनवानी शामिल हुए । निर्णायक लक्ष्मणराव कदम, रेखांक साहू, हिमांशु अहीर और मनीष साहू थे। संचालन अतिथि क्रीड़ा अधिकारी रोशन पटेल ने किया।

### डोंगरगढ़ को उपविजेता का खिताब

प्रतियोगता में राजनांदगांव परिक्षेत्र की 6 टीमों ने भाग लिया। पहला सेमीफाइनल मैच नेहरू कॉलेज डोंगरगढ़ और दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव के बीच हुआ। 4-3 पेनाल्टी शूट के साथ डोंगरगढ़ की टीम विजेता रही। दूसरा सेमीफाइनल मैच विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव और डोंगरगांव कालेज के बीच खेला गया जिसमें 2-1 गोल स्कोर के साथ विज्ञान महाविद्यालय विजेता रहा। फाइनल मुकाबला साइंस कॉलेज राजनांदगांव और नेहरू कॉलेज डोंगरगढ़ के बीच हुआ। दोनों ही टीम के 2- 2 गोल की बाराबरी पर रहने के बाद पेनाल्टी शूट में साइंस कॉलेज 5-4 के स्कोर के साथ जीत हासिल किया। नेहरू महाविद्यालय की टीम उपविजेता रही।

# एसआईआर में सहयोग करें भाजपा कार्यकर्ता



**डोंगरगांव।** स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कार्यक्रम के तहत नपं के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता ने शनिवार को गणना पत्रक जमा किया। उन्होंने पार्टी के बीएलए 1 सहित बूथ एजेंट, बूथ पालकों को सजगता और जिम्मेदारी के साथ बीएलओ को सहयोग कर मतदाता सूची के पुनर्निर्माण में सहभागिता निभाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इस कार्य में प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर यह सुनिश्चित करे कि पात्र नागरिक का नाम सूची में हो और जिनके नाम हटाए जाने की आवश्यकता है उन्हें हटाया जाए। इस मौके पर मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, गुलशन हिरवानी, महेश्वर साहू, राकेश देवांगन, गौरव यदु आदि उपस्थित थे।

### कर्मचारी संघ की बैठक सात को

**डोंगरगढ़।** लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ कीप्रांतीय बैठक आगामी 7 दिसंबर को दोपहर 12 बजे प्रांतीय कार्यालय में आयोजित की गई है। बैठक में संघ की पुरानी 7 सूत्रीय मांगों, सदस्यता अभियान एवं आगामी प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन पर चर्चा की जाएगी। बैठक में विभिन्न मांगों के प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। बैठक में एकता अभियान एवं साथी सम्मान कार्यक्रम की शुरुआत होगी, जिसमें सर्वप्रथम प्रदेश अध्यक्ष, संभागीय, जिला, तहसील एवं विकासखंड पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा।

# दो करोड़ मंजूर, नाली- सड़क के निर्माण को मिलेगी गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नगर पंचायत की सामन्य सभा में गुरूवार को अधोसंरचना मद से स्वीकृत दो करोड के विकास कार्यो को कराने की मंजूरी दी गई। सामान्य सभा से स्वीकृति मिलने के बाद प्रशासकीय स्वीकृति मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

जानकारी के अनुसार नगरीय प्रशासन विकास विभाग ने अक्टूबर में अधोसंरचना मद से दो करोड़ की स्वीकृति दी थी। नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने पार्षदों को पांच- पांच लाख की नाली एवं सडक के प्रस्ताव प्रस्तुत करने कहा था। पार्षदो का प्रस्ताव मिलने के बाद सामान्य सभा की बैठक गुरूवार को रखी गईं । बैठक में सभी वार्डो में पांच पांच लाख एवं शेष राशि से अन्य कार्य कराने की मंजूरी दी गई। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सीएमओ विजय पांडे, उपयंत्री योगेश्वरसिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष पवन गुप्ता पार्षद खेदीबाई अमिला, सुरेश नेताम, रितेश मेश्राम, दिलीप कुंभकार, विनोद डेहरिया, गोपीचंद देवांगन, उषा यादव, मुकेश सिन्हा, झरनेश कुंभकार, कविता यादव, किशुन पटेल, उमा निषाद, कांशी निषाद उपस्थित थे।

## प्रस्ताव पर लगी मुहर



### नपं में होगा प्रथम तल का निर्माण

निकाय कार्यालय में कक्ष की कमी को देखते हुए प्रथम तल निर्माण की मंजूरी दी गई। इसी प्रकार मुख्य मार्ग में बजरंग चौक, गांधी चौक से बाजार तक, मेन रोड के डामरीकरण करने के प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित किया गया। शेष राशि से पंडित दीनदयाल उपाध्याय भवन का जीर्णोद्धार, शापिंग काम्पलेक्स की मरम्मत, नया बस स्टैन्ड में सडक निर्माण, पेयजल समस्या का निराकरण के लिए बोर खनन को मंजूरी दी गई।

### बाजार की दुकानों का होगा आबंटन

मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना अंतर्गत बनी 19 दुकाने को एक बार फिर पुनः आबंटित करने की प्रक्रिया शुरू करने की मंजूरी सामान्य सभा में दी गई। यह दुकाने आबंटित नहीं होने से जीर्ण शीर्ण हो गई है। निकाय का आय बढाने के लिए अध्यक्ष के प्रस्ताव को परिषद ने मंजूरी दी। योजना अंतर्गत निर्मित दुकाने शिक्षित बेरोजगारो को ही आंबटित किया जाना है।

# भूपेन्द्र बना कर इंस्पेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



इरादे नेक और हौसला बुलंद हो तो कामयाबी जरूर मिलती है इस उक्ति को चरितार्थ कर ग्रामीण परिवेश का युवक ने सफलता हासिल किया है। भूपेन्द्र नर्मदा के समीप बेलगांव का निवासी है। उसके पिता भरत जंघेल कृषक है। भूपेन्द्र वर्तमान में रानी अवंती बाई महाविद्यालय छुईखदान में लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत हैं। उसका चयन छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा में कर इंस्पेक्टर के पद पर हुआ है।

भूपेन्द्र ने चौथे प्रयास में सफलता अर्जित किया है। पूर्व में असफलता मिलने पर भी उसके हौसले कम नहीं हुए और वह सफलता के लिए प्रयास करते रहा। भूपेन्द्र ने 2021 में पहली बार सीजी पीएससी परीक्षा दी थी। 2022 में वह प्री और मेन्स परीक्षा उत्तीर्ण कर इंटरव्यू तक पहुँच कर 326 वीं रैंक हासिल किया। उन्हें पद आबंटित नहीं हो सका। साल 2024 में मेन्स परीक्षा न होने से निराश होने के बजाय उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग की लैब टेक्नीशियन परीक्षा उत्तीर्ण की। वर्तमान में वह छुईखदान महाविद्यालय में कार्यरत हैं। इसी बीच उन्होंने सीजी पीएससी में पुनः प्रयास करते हुए अपने चौथे प्रयास में सफलता प्राप्त की।

### बधाई देने लगा तांता

भूपेन्द्र ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, बहन, गुरुओं और मित्रों को दिया। उन्होंने कहा कि परिजनों के सहयोग, मार्गदर्शन और कठिन परिस्थितियों में दोस्तों के उत्साहवर्धन ने उन्हें मजबूत बनाया। भूपेन्द्र की सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस कामयाबी पर लोकेश जंघेल, गणपत जंघेल, जिधन जंघेल, चमरू जंघेल, गया जंघेल, मया जंघेल, मनहरण जंघेल, धनी जंघेल आदि ने बधाई दी है।

### खड़गांव में क्रिकेट स्पर्धा एक से

**खड़गांव।** ग्राम में आगामी एक दिसंबर से क्रिकेट प्रतियोगिता रखा गया है। स्पर्धा में आसपास की क्रिकेट टीमों को आमंत्रित किया जा रहा है। विजेता टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। ग्राम के लक्की गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता की व्यापक तैयारियां की जा रही है। पहले चरण में मैदान समतल किया जा रहा है।

# वॉटसन के योगदान पर व्याख्यान



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में विज्ञान विभाग ने गत दिनों डॉ. जेम्स डी वॉटसन की यात्रा और विज्ञान में उनके योगदान विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. राकेश धृतलहरे उपस्थित थे। उन्होंने डॉ. वॉटसन के डीएनए की डबल हेलिक्स संरचना संबंधी ऐतिहासिक आविष्कार पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने डीएनए के आणविक संरचना अध्ययन, विविध अनुप्रयोगों, कृषि एवं चिकित्सा विज्ञान में इसके उपयोग और आने वाले समय में संभावित वैज्ञानिक खोजों पर भी विस्तार से जानकारी दी।

### उपलब्धियों पर चर्चा

प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती ने कहा कि ऐसे वैज्ञानिक व्याख्यान विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। विज्ञान विभागाध्यक्ष अविनाश सिंह ने बताया कि डॉ. वॉटसन के आविष्कार ने डीएनए सीक्वेंसिंग की प्रक्रिया को अत्यंत सरल और त्वरित बना दिया है। संचालन डॉ. गोकुल प्रसाद ने किया। इस अवसर पर देवश्री देवांगन, रोशन साहू, लक्ष्मीकांत साहू, प्रिया ठाकुर, डॉ. रोशनी राठौर, रामेश्वरी सहित अन्य उपस्थित थे।

# बाल मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

प्राथमिक शाला नवागांव में बाल मेला का आयोजन किया गया। इस मेला में गणित, हिंदी तथा अंग्रेजी कौशल के स्टॉल लगाए गए थे। कार्यक्रम की आगाज राष्ट्रगान व राजकीय गीत से हुआ। कार्यक्रम में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों से इंस्टॉल में लगे तथ्यों के बारे में प्रश्न भी किया जिसका छात्रों ने अपनी भाषा में उत्तर दिया। कार्यक्रम में सरपंच मदनराम देवांगन, नरेंद्र वर्मा, ताराचंद सिंह ने हिस्सा लेकर बच्चों के प्रयास की सराहना की। ताराचंद सिंह ने बच्चों के लिए जंपिंग झूला भी लगवाया दिया था। इस दौरान मंजरी गजभिये, शिक्षक मनु ठाकुर, कनक साहू, अश्वनी साहू, सुशीला देवांगन, सुनीता देवांगन, हेम प्रमोद देवांगन, वंदना साहू, आरती वर्मा मौजूद थी।



# रंगोली प्रतियोगिता में धरेन्द्र विजेता




हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय एवं राष्ट्रीय कला मंच के तत्वावधान में भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर संगोष्ठी एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भारतीय छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चंद्रवंशी, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती, डॉ प्रदीप जाम्बुलकर, हेमूराम पदमे, भोजलाल वर्मा, कमल निर्मलकर एवं कौशल वर्मा थे। इस दौरान अतिथियों ने अपने विचार रखे। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान धरेंद्र कुमार, द्वितीय गीतांजलि कंवर एवं तृतीय स्थान हेमा नेताम ने प्राप्त किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक जीके यादव, बेदप्रकाश साहू, गुलशन कुमार सिन्हा, तूलिका चक्रवर्ती, नीलम सिन्हा, गोकुल प्रसाद, देवश्री देवांगन, प्रिया ठाकुर, रोशन कुमार साहू, रोशनी राठौर, लक्ष्मीकांत साहू, सुखप्रीत कौर भाटिया, सौरभ वट्टी सहित अन्य उपस्थित थे।

बाल मेला में बच्चों ने लगाए व्यजंनों के स्टॉल

# भूत बंगला ने बच्चों को लुभाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

बीपीएस पैरेन्ट्स प्राइड इंग्लिश मीडियम स्कूल में शनिवार को बाल मेला का आयोजन किया गया। बाल मेला में बच्चों ने विभिन्न व्यजंनों के स्टॉल लगाए थे, जिसका अभिभावकों, नागरिकों सहित बच्चों ने लुत्फ उठाया। बाल मेला में डिस्को रूम और भूत बंगला ने बच्चों को काफी आकर्षित किया। बाल मेला का शुभारंभ बीपीएस स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील पाण्डेय तथा बालकृष्ण सिन्हा ने फीता काटकर किया। इससे पहले मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ स्कूल परिसर में गाजे बाजे के साथ बच्चों ने मंड़ई शोभायात्रा निकाली। इस दौरान राऊत नाचा की झलक देखने मिली।

### पालक भी हुए शामिल

बालमेला में बच्चों ने गुपचुप, भेल, पास्ता, गुलाब जामुन, पेस्टी, कोल्डिंक, भजिया, अंकुरित चना भेल सहित अन्य व्यंजनों के स्टाल लगाए। इस दौरान डायरेक्टर बिरेन्द्र राजपूत, महेश पांडेय, प्रिंसपल नीलेश श्रीवास्तव, शिवराज शांडिल्य, नीतू रत्नाकर, कीर्ति सागर, हारिका पटेल, माधुरी साहू, तनुजा देवांगन, प्रीति साहू, चुलेश्वरी साहू, उषा साहू, भावना साहू, तारणी साहू, पिंकी देवांगन, प्रियंका पटेल, भारती साहू, प्रियंका सिन्हा, मीना पटेल, साक्षी साहू, वैशाली कोमरे, ज्योति कोमरे, प्रशान्त कुमार, विजय साहू, तामेश्वरी साहू, प्रथम निषाद, रेणुका देवांगन, तेज साहू, नीरज साहू, तनु साहू, मनोज साहू,उमेश यादव, तामेश्वर साहू, शिव यादव, धनजंय नायक आदि मौजूद थे।

# खेलों में जीतना ही नहीं, असफलताओं से सीखना भी बहुत महत्वपूर्णः गांधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



■ विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद का समापन

रेंगाकठेरा में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी थे। अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुवात की। समापन मौके पर श्री गांधी ने खेल को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए कि इससे अनगिनत लाभ हैं। जीवन में खोल को अधिक से अधिक महत्व देना चाहिए। खेलने से शारीरिक और मानसिक संतुलन बना रहता है। उन्होंने कहा कि खेलों का उद्देश्य केवल जीतना ही नहीं, बल्कि असफलताओं से सीखना और निरंतर दृढ़ रहना भी है। यह दृष्टिकोण जीवन का एक सुनहरा अनुभव है। जीवन उतार-चढ़ाव से भरा है। हमारे लिए यह सीखना ज़रूरी है कि सफलता को कैसे स्वीकार किया जाए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति जागृति यदु, जनपद अध्यक्ष रंजीता पटौती, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, सरपंच मधु ओमेश यदु, जनपद सदस्य ममता मनीष पटेल, विवेक मंडावी, हरिला साहु, पार्षद कोमल साहु, कपिल पटौती सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### एलुमनी एसोसिएशन की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस कॉलेज राजनांदगांव में भूतपूर्व छात्र संगठन द्वारा वार्षिक भूतपूर्व छात्र मिलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थियों को एक साथ जोड़कर उनके अनुभव, उपलब्धियां एवं सुझावों को वर्तमान विद्यार्थियों और संस्था के विकास से जोड़ना था। विभिन्न सत्रों के भूतपूर्व छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते कॉलेज से जुड़ी अपनी अमूल्य यादें और अनुभव साझा किए। आयोजन का शुभारंभ भूतपूर्व छात्र संगठन के प्रभारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि "भूतपूर्व छात्र किसी भी संस्था की वास्तविक शक्ति होते हैं। उनका अनुभव वर्तमान विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होता है और संस्थान की प्रगति का आधार बनता है।" हमें भूतपूर्व छात्र नेटवर्क को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने की आवश्यकता है। प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि "भूतपूर्व छात्र हमारी संस्था की गौरवमयी उपलब्धियों का प्रतीक है। उनका सहयोग और निरंतर जुड़ाव महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को और मजबूत बनाता है।" संस्था के निदेशकों डॉ. मनीष जैन, संजय अग्रवाल एवं आशिष अग्रवाल ने कहा कि "भूतपूर्व छात्र संस्था की निरंतर प्रगति का आधार है। उनके अनुभव, मार्गदर्शन और सहयोग से शैक्षणिक गुणवत्ता सुदृढ़ होती है।

### विपणन विभाग की लापरवाही एक बार फिर उजागर

# पिछले साल के धान का उठाव नहीं, प्रबंधकों में पनपा आक्रोश

## जिले की मंडियों में व्यवस्थाएं चरमराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में विपणन विभाग की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। पिछले वर्ष का धान उठाव अब तक पूरा न होने से जिले की मंडियों में व्यवस्थाएं चरमराई हुई है।

जानकारी के अनुसार जिले के तीन धान उपार्जन केंद्र एकटकनहार, भारीटोला और औंधी में करीब 4,500 क्विंटल धान पिछले एक साल से बिना उठाव पड़ा हुआ है। इस लापरवाही के कारण संबंधित मंडी प्रबंधक पूरे वर्ष मानसिक रूप से परेशान रहे हैं। धान को एक साल से सुरक्षित रखने में भी पैसे खर्च हो रहे हैं। बारिश में भीगने की आशंका से भवनों में रखे हुए धान के स्टॉक मे रोज चूहे और चोरी होने की आशंका बनी हुई है।

### धान खरीदी फिर शुरू

इधर धान खरीदी वर्ष 2025-26 की खरीदी 15 नवंबर से आरंभ हो चुकी है। ऐसे में किसान और समिति प्रबंधक यह आशंका जता रहे हैं कि जब पिछला स्टॉक ही नहीं उठ पाया है तो वर्तमान सीजन की खरीदी और उठाव कैसे समय पर होगा।



### लाखों का धान डंप

उठाव कराने में नाकामयाब विपणन विभाग मंडी समिति के हड़ताल पर चले जाने का ठिकरा फोड़ रही है। जिला क्षेत्र में धान उठाव की यह देरी न सिर्फ प्रशासनिक कमजोरी को दिखाती है, बल्कि किसानों और प्रबंधकों को भी अनावश्यक तनाव में डाल रही है। यदि स्थिति ऐसे ही रही, तो नए सीजन में खरीदी और उठाव दोनों पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा।

### विपणन विभाग पर उठ रहे सवाल

धान उठाव की जिम्मेदारी निभाने वाले विभागीय अधिकारियों पर भी उंगलियां उठ रही है। विपणन अधिकारी प्रमोद सोम की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगना शुरू हो गया है, क्योंकि एक साल पुराने स्टॉक का उठाव न हो पाना सीधे विभाग की सुस्ती और कमजोरी को दर्शाता है।

### हड़ताल के कारण उठाव नहीं

डीएमओ जिला विपणन अधिकारी प्रमोद सोम ने बताया कि लगभग 4,500 क्विंटल धान का डीओ जारी हो चुका है, लेकिन समिति प्रबंधकों के हड़ताल पर होने के कारण उठाव अटका हुआ है। दूसरे जिले के मिलरों को उठाव करना था, लेकिन उन्होंने समय पर उठाव नहीं किया। मुख्यालय से टारगेट भी देर से प्राप्त हुआ। जिले में केवल एक ही उसना मिलर उठाव कर रहा है। जिससे प्रक्रिया धीमी हो गई। अधिकारी का कहना है कि जैसे ही समितियां समन्वय करती है, उठाव तत्काल कराया जा सकता है।

# कॉन्फ्लूएंस कॉलेज में राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस का आयोजन




**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन के पुस्तकालय विभाग द्वारा राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस 2025 का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में अध्ययनशीलता, पुस्तकालय उपयोग और ज्ञान-संपन्न वातावरण के प्रति रूचि बढ़ाना था।

कार्यक्रम की शुरूआत में महाविद्यालय के लाइब्रेरियन धर्मेंद्र साहू ने उक्त दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते कहा कि "पुस्तकालय केवल पुस्तकों का संग्रह नहीं, बल्कि ज्ञान का प्रकाश स्तंभ है। विद्यार्थियों को इसकी ओर प्रेरित करना हमारा दायित्व है।" उन्होंने पुस्तकालय में डॉ. एसआर रंगनाथन के योगदान को भी स्मरण किया।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने 'पुस्तकालय का महत्व', 'ज्ञान का विस्तार', 'डिजिटल लर्निंग' और 'रीडिंग हैबिट्स' जैसे विषयों पर अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित की। पोस्टरों की विषय-वस्तु, डिज़ाइन और संदेश सभी प्रभावशाली रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कार्यक्रम की सराहना करते कहा कि "ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सृजनात्मक सोच, शोध प्रवृत्ति और पठन संस्कृति को प्रोत्साहित करते हैं। पुस्तकालय शैक्षणिक उत्कृष्टता का आधार है।"

यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों में रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने में सफल रहा, बल्कि पुस्तकालय की उपयोगिता और ज्ञान-साधन के महत्व को भी प्रभावी रूप से स्थापित किया। पुस्तकालय विभाग ने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम सतत रूप से आयोजित होते रहेंगे। जिससे छात्र-छात्राओं में पढ़ने की आदत और सूचना-साक्षरता को और अधिक बढ़ावा मिल सके।

# युगांतर का विज्ञान मॉडल राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल के छात्र प्रथम गोयल व प्रभनूर सिंग जस्सल द्वारा निर्मित मॉडल गोल्डन एस्थेटिका का चयन राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए हुआ है। विद्यार्थियों ने गोल्डन एस्थेटिका के बारे में बताया कि यह मनोरंजन मैथमेटिकल रिक्रिएशनल मॉडल है। इसके द्वारा चेहरे की सुंदरता को मापा जाता है । सुंदरता का अनुपात ज्ञात कर उसे बेहतर बनाने ग्राफिक डिजाइनिंग और सर्जरी में उपयोग किया जा सकता है। उक्ताशय की जानकारी देते विज्ञान विभागाध्यक्ष रिंकू राय और विज्ञान शिक्षिका कीर्ति तिवारी ने बताया कि कृष्णा पब्लिक स्कूल रायपुर में आयोजित दो दिवसीय सीबीएसई क्षेत्रीय स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी में शानदार प्रदर्शन के आधार पर इस मॉडल का राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चयन हुआ है।



### विद्यार्थियों ने की मेहनत

प्रदर्शनी में दो मॉडल प्रस्तुत किए गए। जिसमें सौम्या वर्मा व रैनी जैन द्वारा निर्मित मॉडल बायो मैकेनिकल स्मार्ट फुटवियर को भी नवाचारपूर्ण विचारों, वैज्ञानिक सोच और प्रस्तुति कौशल के कारण काफी सराहना मिली। विद्यार्थियों ने बायो-मैकेनिकल स्मार्ट फुटवियर के बारे में बताया कि इसके द्वारा व्यक्ति के चलने पर उत्पन्न ऊर्जा से मोबाइल की बैट्री चार्ज हो जाती है। यह हवा को स्वच्छ करने के साथ-साथ उबड़-खाबड़ स्थानों में संतुलन बनाने का भी कार्य करता है। ये दोनों मॉडलों को बनाने में विद्यार्थियों ने अपनी लगन से काफी मेहनत की। जिसके परिणामस्वरूप इनको काफी सराहा गया। इस प्रदर्शनी में राज्यभर के कुल 56 स्कूलों में 87 विज्ञान मॉडल के बीच इन मॉडलों का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। प्राचार्य मधुसूदन नायर और प्रबंध समिति ने इन विद्यार्थियों को बधाई दी।

### धम्म संवाद यात्रा अंतर्गत हुई संगोष्ठी



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

बोधिसत्व आंबेडकर फाउण्डेशन ने महाबोधि महा विहार मुक्ति आंदोलन के समर्थन में धम्म संवाद यात्रा अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया। मुख्य वक्ता के रूप में भंते विनाचार्य शामिल हुए। स्थानिय बौद्ध विहार में आयोजित समाजिक कार्यक्रम के बाद लोकर्पण-भूमिपूजन किया गया। प्रज्ञागिरि में तथागत भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष दीप वंदना, परित्राण पाठ कर सुख शांति की कामना की गई। इस अवसर पर विनाचार्य ने ट्रस्ट समिति के पदाधिकारियों से सौजन्य भेंट की और विभिन्न आयोजनों की जानकारी ली। इस दौरान अध्यक्ष विनोद खांडेकर, शैलेन्द्र डोंगरे, धन्ना गणवीर, प्रदीप टेम्भुलकर, सुरेश अंबादे, बादल वाल्दे, पियुश वासनिक सहित अन्य मौजूद थे।


# कौरिनभाठा में हेल्थ कैंप लगाने के निर्देश

## पाईप लाइन की जांच, बीमारी की शिकायत पर महापौर ने किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कौरिनभाठा के राधाकृष्ण मंदिर पास के क्षेत्र में संक्रामक बीमारी पीलिया फैलने की शिकायत पर महापौर मधुसूदन यादव ने विजिट कर संबंधित क्षेत्र में पाईप लाइन की जांच करने, गैंग लगाकर सफाई कराने, क्लोरिन टेबलेट वितरण करने एवं हेल्थ कैंप लगाने के निर्देश दिए।

महापौर यादव ने कौरिनभाठा में पीलिया जैसी संक्रमक बीमारी होने संबंधी जानकारी मिलते ही जल विभाग के उप अभियंता अनुप पांडे से संबंधित क्षेत्र के पाईप लाइन की जांच करने के निर्देश दिए तथा पानी में नियमित रूप से क्लोरिंन की मात्रा चेक करने कहा। उन्होंने कहा कि गंदे पानी आने या पाईप लाइन लिकेज जैसी शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें, ताकि संक्रामक बीमारी न फैले। उन्होंने एमएमयू की टीम को स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने भी कौरिनभाठा के अलावा श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र जहां संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका होती है, वहां नियमित रूप से पाईप लाइन चेक करने के अलावा फिल्टर प्लांट में पानी में क्लोरिन की मात्रा नियमित रूप से जांच करने, एलम एवं अन्य आवश्यक सामग्री का पर्याप्त भंडारण रखने के निर्देश दिए।



### क्लोरिन टेबलेट का वितरण

स्वास्थ्य अमला से महापौर यादव ने कहा कि वार्ड में नियमित रूप से गली, सड़क एवं नाली की सफाई करें, समय-समय पर कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव करें, गड्ढे में भरे पानी की कच्ची नाली खोदकर निकासी कराएं तथा क्लोरिन टेबलेट का वितरण करें। उन्होंने कहा कि श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र एवं सघन बस्ती में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए, मौसमी एवं संक्रामक बीमारी से बचने समझाईस दी जाए। साथ ही स्वच्छता अभियान चलाकर समुचित साफ-सफाई किया जाए। महापौर के निर्देश पर कौरिनभाठा में एमएमयू के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा वार्ड में समुचित साफ-सफाई एवं दवा का छिड़काव कर क्लोरिन टेबलेट का वितरण किया गया। साथ ही उक्त क्षेत्र के पाईप लाइन की निगम के जल विभाग के अमला द्वारा खोदकर जांच एवं सुधार कार्य किया गया तथा पीएचई विभाग को पानी की सेम्पल की जांच करने भेजा गया।

# बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कृति विकास गढ़ने का पर्व बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पीएमश्री राजा सर्वेश्वरदास उ.मा. विद्यालय में बाल दिवस पर बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा शामिल हुए। शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी के पहल से आयोजित बाल मेले में छात्र-छात्राओं द्वारा विभन्न प्रकार के भारतीय व्यंजनों सहित अनेक खेलो का स्टॉल लगाया गया। डरावना भूत बंगला बाल मेले में आकर्षण का केंद्र रहा।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने फीता काटकर व सरस्वती माता तथा विभूतियों के तैलचित्र में पूजा-अर्चना कर मेले का शुभारंभ किया और विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। आयुक्त ने बच्चों से चर्चा करते स्टालों में खाद्य सामग्री की खरीदारी कर प्रोत्साहित किया। साथ ही स्कूल परिसर में व्याप्त समस्याओं का जायजा लेकर जल्द ही व्यवस्थित करने आश्वस्त किया।

श्री विश्कर्मा ने बताया कि 14 नवंबर का पर्व विशेष है। इस दिन बच्चे अपनी संस्कृतिक और सामाजिक जीवन की विभिन्नता व दक्षता को प्रदर्शित करते हैं तथा कौशल विकसित करने का आत्मविश्वास जागृत होता है। शाला प्रबंधन द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की।

इस अवसर पर समग्र शिक्षा अधिकारी सतीश ब्यौहारे, पीएमश्री सहायक नोडल अधिकारी आदर्श वासनिक, प्राचार्य पंकज शुक्ला, एपीसी पीआर झाड़े, आदर्श वासनिक, एफएलएन विशेषज्ञ पूनम पटेल, सुष्मिता ठाकुर, मनोज सोनकालिहारी, आकाश त्रिपाठी, हरीश सोनवानी सहित शिक्षकगण, पालकगण समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# बोरी में स्कूली बच्चों ने खेल में दिखाया उत्साह

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में सत्र 2025-26 के वार्षिक खेलकूद का आयोजन भव्यता के साथ आयोजित किया गया। इस आयोजन में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा बारहवीं तक के बच्चों ने अपनी सहभागिता दी। वार्षिक खेल प्रतियोगिता में कक्षा अनुरूप विभिन्न खेलों को बच्चों की दक्षता अनुसार जोड़ा गया था। प्रतियोगिता की शुरूआत सर्वप्रथम ज्ञान की देवी मां सरस्वती के तैलचित्र में दीप प्रज्जवलन कर माल्यार्पण कर किया गया। प्री-प्राइमरी के बच्चों द्वारा मार्शल टार्च की विधि को खेल शिक्षकों की सहभागिता से पूरी की गई। प्राचार्य एकता गांधी द्वारा विधिवत खेल प्रारंभ की घोषणा करते खेल भावना की शपथ दिलाई गई। सभी खेलों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। वार्षिक खेल प्रतियोगिता संपन्न कराने में शाला के व्यायाम शिक्षकों के साथ ही कक्षा शिक्षकों की महती भूमिका रही।



### कर्मचारियों का रहा विशेष सहयोग

शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी व सोनल बाजपेयी द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विजयी प्रतिभागियों को बधाई दिया गया। साथ ही खेल में प्रदर्शन नहीं करने वाले छात्रों को आगे मेहनत करने की बात कही। वार्षिक खेल प्रतियोगिता के पूरे आयोजन में खेल शिक्षकों के साथ ही एडमिन नितिन चौहान व कार्यालय कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा है।

### 7 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन

# देशभर के शोधकर्ताओं ने अनुभव किया साझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में बहुविषयक वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार के लिए उन्नत सांख्यिकीय उपकरण और डेटा विश्लेषण विषय पर 07 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिता महेश्वर ने कार्यशाला की सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

कार्यशाला में देशभर के विद्वानों और शोधकर्ताओं ने भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। प्राणीशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. किरण लता दामले ने अतिथियों एवं विषय विशेषज्ञों को अपना अमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद दिया। संयोजक डॉ. संजय ठिसके ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यशाला के द्वितीय दिवस के विषय विशेषज्ञ डॉ. कैलाश कुमार देवांगन ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से केंद्रीय प्रवृत्ति की माप विषय पर प्रशिक्षण देते सांख्यिकी औसत का उपयोग, प्रकार, अर्थमैटिक, ज्यामितीय एवं हार्मोनिक मान के बारे में अनेक रोचक उदाहरणों द्वारा विद्यार्थियों को जानकारी दी।




तृतीय दिवस के विषय विशेषज्ञ प्रो. सत्यम कुंभकार ने एसपीएसएस सॉफ्टवेयर की जानकारी देते डाटा प्रयोग और डाटा एनालिसिस में उपकरणों के प्रयोग के बारे में प्रशिक्षण दिया। रिसोर्स पर्सन डायरेक्टर बीट कोड कंपनी भिलाई संजीव शर्मा ने डाटा एनालिसिस एवं डाटा विजुलाइजेशन विषय पर व्याख्यान दिए। चतुर्थ दिवस के विषय विशेषज्ञ कृषि महाविद्यालय सुरगी के सहायक प्राध्यापक डीकेश्वर निषाद ने सांख्यिकी एवं डाटा एनालिसिस में एमएस एक्सल सॉफ्टवेयर का उपयोग विषय पर जानकारी दी। डॉ. राकेश रमन ने अकादमी इंटीग्रिटी इन रिसर्च एंड रिसर्च डिजाइन का प्रशिक्षण देते प्लेगिरिज्म के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पांचवें दिन सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी नागपुर के सहायक प्राध्यापक डॉ. गिरधर उरकुडे ने एआई टूल्स के उपयोग के बारे में विस्तार से बताते डेटा एनालिटिक्स, अकादमिक लेखन और एआई टूल्स के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा कर शोधकर्ताओं को इसका उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. अंशुल फाये ने कहा कि रिसर्च डाटा एनालिसिस एक महत्वपूर्ण पहलू है, जो शोधकर्ताओं को अपने शोध के परिणामों को समझने और व्याख्या करने में मदद करता है।

### दी गई जानकारी

समापन दिवस के विषय विशेषज्ञ इलाहाबाद विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्राध्यापक डॉ. जयसिंह ने सांख्यिकी की अवधारणा, इतिहास एवं उसकी शाखाएं और सांख्यिकी का जीवन में महत्व पर जानकारी दी। हाइपोथेसिस टेस्टिंग प्रोसेस के अंतर्गत टी टेस्ट के बारे में प्रशिक्षण दिया। डॉ. शंकर मुनि राय, डॉ. डिकेश्वर निषाद, डॉ. कुबेर गुरुपंच, मधुलिका, कशिश साहू, ऐश्वर्या पटेल एवं अन्य विद्यार्थियों ने कार्यशाला का फीडबैक प्रस्तुत किया। डॉ. माजिद अली ने सात दिवसीय कार्यशाला की समीक्षा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन वंदना मिश्रा और आभार व्यक्त डॉ. संजय ठिसके ने किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# सुरगी में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- एम्स के डॉक्टरों ने दी स्वास्थ्य सेवाएं

गर्भवती महिलाओं और किशोरी बालिकाओं के लिए एबिस सीएसआर एबिस ग्रुप और सृजन सामाजिक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में पहल कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम सुरगी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर के डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दी।

जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में एबिस ग्रुप एवं सृजन सामाजिक संस्था द्वारा राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर-चैकी जिले में पहल कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य रूप से गर्भवती महिला, धात्री माता, अति गंभीर व मध्यम गंभीर कुपोषित बच्चों सहित किशोरी बालिकाओं को हितग्राही के रूप में शामिल किया गया है।

इसी तारतम्य में ग्राम सुरगी में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर के डॉक्टरों के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दो सौ से अधिक हितग्राहियों ने हिस्सा लिया।




### ममता किट का वितरण

एम्स के डॉक्टरों द्वारा गर्भवती महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से उनसे जुड़ी स्वास्थ्य संबंधी बातों को बहुत ही सरल तरीके से विस्तार से समझाया। गांव की नौ गर्भवती महिलाओं को शिविर में उनके होने वाले बच्चे के लिए ममता किट का वितरण भी किया गया। शिविर में गर्भवती और किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच भी विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा की गई। उक्त शिविर में सरपंच सुग्रीव साहू, सचिव जावंतिन साहू, महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक दुर्गा जादव, पहल कार्यक्रम से सुनीता यादव, साहिल देवांगन, पूर्णिमा साहू, ओमप्रकाश मारकण्डेय, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बसंती कन्नौजे, उत्तरा चतुर्वेदी, हुलसी साहू, वेदिका चतुर्वेदी, पुष्पा साहू एवं रितु बोरकर उपस्थित थे।

## सार समाचार

### आईआईटीएफ दिल्ली के कार्यक्रम में नीलू होंगे शामिल



**राजनांदगांव।** इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर का आयोजन नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम, प्रगति मैदान में किया जा रहा है।जिसमें इस वर्ष छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड सक्रिय रूप से सहभागिता कर रहा है। इस मंच के माध्यम से छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थल, समृद्ध संस्कृति और राज्य में विकसित हो रही नई पर्यटन संभावनाओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत किया जाएगा। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा विशेष रूप से शामिल होंगे और राज्य की पर्यटन नीति, निवेश अवसरों एवं भविष्य की विकास योजनाओं पर जानकारी साझा करेंगे। कार्यक्रम के तहत 24 नवंबर को स्टेट डे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, लोकनृत्य और पर्यटन विशेष आकर्षण रहेंगे। वहीं 25 नवंबर को होटल द ललित, नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड द्वारा विशेष रोड शो आयोजित किया जाएगा, जिसमें टूर ऑपरेटर्स, स्टेकहोल्डर्स और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के प्रतिनिधियों को राज्य में पर्यटन निवेश और सहयोग के अवसरों से अवगत कराया जाएगा।

### धान बिक्री के लिए अधिकतम 3 टोकन की सुविधा

**राजनांदगांव।** राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 15 नवंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक धान खरीदी निर्धारित है। धान खरीदी व्यवस्था के सुव्यवस्थित संचालित करने के लिए टोकन तुंहर हाथ मोबाइल एप के माध्यम से टोकन जारी कर धान खरीदी की जा रही है। राज्य शासन के निर्देशानुसार 2 एकड़ तक भूमि धारित करने वाले किसानों को अधिकतम 1 टोकन, 2 एकड़ से 10 एकड़ तक भूमि धारित करने वाले किसानों को अधिकतम 2 टोकन तथा 10 एकड़ से अधिक भूमि धारित करने वाले किसानों को अधिकतम 3 टोकन की सुविधा उपलब्ध है।

### शिकायत समिति का गठन करना अनिवार्य

**राजनांदगांव।** जिले में ऐसे सभी संस्थान जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है, वहां महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन अधिनियम 2013 अंतर्गत आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाना अनिवार्य है। आंतरिक शिकायत समिति के गठन उपरांत भारत सरकार के वेब पोर्टल http://shebox.wcd.gov.in में भी एंट्री करना अनिवार्य है। नियमों का पालन नहीं करने पर 50 हजार रुपए अर्थदंड का प्रावधान किया गया है। जिले के सभी संस्थानों से आंतरिक शिकायत समिति का गठन कर ऑनलाइन वेब पोर्टल पर भी एंट्री करने की अपील की गई है।

### देश से शीघ्र खत्म होगा नक्सलवादः कोमल



**राजनांदगांव।** भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि भाजपा यह जानकर अत्यंत स्तब्ध है कि युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सह-सचिव प्रीति मांझी ने देश के सबसे दुर्दांत नक्सलियों में से एक हिड़मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते "लाल सलाम कामरेड" जैसी पोस्ट को सार्वजनिक रूप से साझा किया है।

हिड़मा वह कुख्यात नक्सली है, जो सैकड़ों जवानों की निर्मम हत्या, निर्दोष आदिवासियों पर अत्याचार और विकास कार्यों में बाधा डालने जिम्मेदार रहा है। ऐसे रक्तरंजित इतिहास वाले व्यक्ति को श्रद्धांजलि देना न केवल निंदनीय है, बल्कि यह सीधे-सीधे नक्सलवाद को वैचारिक समर्थन दर्शाता है। कोमल सिंह ने कहा कि भाजपा नक्सलवाद के हर रूप का कड़ा विरोध करती है और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए कार्य करने वाले प्रत्येक जवान के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। नक्सली हिंसा को वैचारिक समर्थन देने वाली किसी भी प्रवृत्ति को भाजपा कभी स्वीकार नहीं करती। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में भी नक्सलवाद के हौसले बुलंद थे। भाजपा सरकार ने नक्सलवाद को प्रदेश ही नहीं पूरे देश में खत्म करने का संकल्प लिया है।

### विशाल प्रयोगशाला का आयोजन

**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल प्रांगण में शनिवार को एक विशाल प्रयोगशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां



सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ। शाला प्राचार्य रेखा तिवारी एवं वरिष्ठ शिक्षकों ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। प्रदर्शनी में मॉडल्स के मूल्यांकन के लिए एक उच्च स्तरीय निर्णायक मंडल का गठन किया गया था। जिसमें अनुराग सक्सेना एवं प्रो. (डॉ.) गुरप्रीत कौर छाबड़ा शामिल थी।

निर्णायक सदस्यों ने कहा कि आज के बच्चों की सोच केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, वे समाज की समस्याओं का व्यावहारिक हल खोजने की दिशा में काम कर रहे हैं।संस्था के अध्यक्ष ललित अग्रवाल और सचिव अतुल देशलहरा ने आयोजन की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। प्राचार्य रेखा तिवारी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रगान के साथ आयोजन का समापन हुआ।

### जब्तशुदा वाहन राजसात

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जितेन्द्र यादव ने पुलिस विभाग की रिपोर्ट के आधार पर माहदा कॉलोनी नारी रोड उप्पलवाड़ी नागपुर महाराष्ट्र निवासी आकाश चौहान के स्वामित्व की जब्तशुदा पिकअप वाहन क्रमांक सीजी-49-बीजे-1691 को छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2014 के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया है। पुनरीक्षण अवधि समाप्त होने तथा सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन का गठित समिति द्वारा नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई की जाएगी एवं प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी। सक्षम न्यायालय (सत्र न्यायालय राजनांदगांव) से आदेश के विरूद्ध कोई आदेश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी।

## स्टेट हाईस्कूल में एनसीसी दिवस समारोह का आयोजन

# एनसीसी कैडेटों ने देशभक्ति के साथ दिया अनुशासन का परिचय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

77वें एनसीसी दिवस के अवसर पर शहर के स्टेट हाईस्कूल मैदान में एनसीसी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेटों द्वारा प्रस्तुत किए गए सेक्शन अटैक को देखने लोगों की भीड़ जमा रही। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एएसपी राहुल देव शर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। वहीं अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण के बाद कैडेटों ने एकता व अनुशासन के साथ कदमताल करते आकर्षक मार्चपास्ट कर ध्वज को सलामी दी। इस दौरान कैडेटों को एनसीसी की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रपति का संदेश वाचन किया गया।

एनसीसी दिवस के अवसर पर दिग्विजय महाविद्यालय के प्रभारी एनसीसी अधिकारी चिरंजीव पांडे द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ चिकित्सक एएस दीक्षित द्वारा एनसीसी कैडेटों को संबोधित किया गया। एनसीसी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट के बीच निबंध, रंगोली, फास्ट ड्रेस पहनों, बांटी-चम्मच दौड़, स्लो साइकिल रेस की प्रतियोगिता आयोजित की गई।



### शौर्य और साहस का प्रदर्शन

एनसीसी दिवस के अवसर पर कैडेटों द्वारा छद्म युद्ध प्रस्तुत करते हुए सेना के शौर्य और साहस को प्रदर्शित किया गया। इस दौरान धमाकों और गोलीबारी के साथ दुश्मनों पर अटैक किया और जंग जीत ली।

### चरित्र निर्माण महत्वपूर्ण

एनसीसी दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने अपने उद्बोधन में एनसीसी के सूत्रवाक्य एकता और अनुशासन पर जोर दिया और प्रत्येक कैडेट को इसे अपने जीवन में अपनाने कहा। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेटों ने शानदार आयोजन किया। एनसीसी का मूल मंत्र एकता और अनुशासन है, जो राष्ट्रीय और चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण है।

### प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण

एनसीसी दिवस के अवसर पर स्वच्छता विषय पर आधारित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम हर्षिता ठाकुर, द्वितीय जानकी साहू, रंगोली प्रतियोगिता में दिव्य साहू प्रथम, गगन क्षत्रिय द्वितीय, स्लो साइकिल प्रतियोगिता में ठकेश्वर कुमार प्रथम, द्वितीय गजल साहू, जूनियर ग्रुप में स्लो साइकिल में प्रथम नागेश्वर साहू, द्वितीय अंकित निर्मलकर, स्पून रेस में दिव्यांशी निषाद प्रथम, झिलमिल सोनकर द्वितीय, सीनियर ग्रुप में भारतीय नेताम प्रथम और खुशबू सेन द्वितीय, जूनियर ग्रुप ड्रेस वेयरिंग प्रतियोगिता में प्रथम सागर साहू, द्वितीय रितिक सिंह रहे, जिन्हें मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

### पूर्व कैडेट हुए शामिल

आयोजन के दौरान पूर्व एनसीसी अधिकारी जीडी वैष्णव, पूर्व कैडेट अजय शुक्ला, अब्दुल खालीद अंसारी, मुकेश बघेल, प्रमोद झंझाड़े, सुदर्शन निषाद, कैडेट क्लब के आदित्य प्रकाश श्रीवास्तव, अमित चंद्रवंशी, संदीप जायसवाल, विकास पांडे, आशीष डोंगरे, दुर्गाप्रसाद देवांगन, अजय मारकंडे, किशोर देशमुख, तरुण जाटव, अर्जुन सिंह कुर्रे, शैलबाला वर्मा, प्रियंका साहू, उपासना शर्मा, सरिता श्रीवास, अंजली यादव, नेहा साहू, अनुसुइया, सविता यादव, रूबी मिर्जा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय बैडमिंटन के लिए छात्राएं चयनित



**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 18 नवंबर को आयोजित परिक्षेत्र स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते चैम्पियनशिप अपने नाम की। महिला वर्ग में कुल 6 टीम के बीच हुए मुकाबलों में कमला कॉलेज की छात्राएं शुरू से ही श्रेष्ठता साबित करती रही।

कॉलेज की ओर से सफा फरहीन, अंशिका अग्रवाल, प्रीति तारम एवं पूनम ने भाग लिया। पहले मैच में टीम ने शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय को 2-0 से पराजित किया। इसके बाद सेमीफाइनल में शासकीय नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ को 2-1 से हराते फाइनल में प्रवेश किया।

फाइनल मुकाबला में कमला कॉलेज की टीम ने शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव को 2-1 से मात देकर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में अंशिका अग्रवाल और सफा फरहीन का प्रदर्शन विशेष रूप से प्रभावशाली रहा। जिसके आधार पर दोनों छात्राएं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई। छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. जयसिंग साहू, क्रीड़ाधिकारी डॉ. नीता एस. नायर एवं समस्त प्राध्यापक-कर्मचारियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की। चयनित खिलाड़ी आगामी 28 व 29 नवंबर को शासकीय महाविद्यालय कोंडागांव में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में राजनांदगांव जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## तीरंदाजी में सृष्टि ने जीता कांस्य

**राजनांदगांव।** 69वें एसजीएफआई स्कूल नेशनल गेम बनारस उत्तरप्रदेश में 19 से 21 नवंबर को संपन्न हुआ। गेम में राह एकेडमी राजनांदगांव की तीरंदाजी खिलाड़ी सृष्टि चौरसिया ने हरियाणा के साथ हुए मैच में अपने प्रतिभा का लोहा मनवाते हरियाणा को हराकर कांस्य पदक पर निशाना साधा है।

### सृष्टि को दी बधाई

सृष्टि चौरसिया के इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक अंकित शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर, आरआई लोकेश कसेर, स्व. अभिलेख अग्रहरी फाउंडेशन, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनोज चौधरी, आईबी ग्रुप के अंजुम अल्वी, जितेन्द्र मिश्रा स्वाती स्पोर्टस, भारतीय तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका, कोच अजेंद्र टाडेकर, वनिता साहू, हीरु साहू ने बधाई दी है।

### स्व. अभिलेख अग्रहरि फाउंडेशन से मिली पहचान



शहर में चल रहे तीरंदाजी प्रशिक्षण पुलिस लाइन रक्षित आरक्षित केंद्र जिला राजनांदगांव, पुलिस प्रशासन एवं स्वर्गीय अभिलेख अग्रहरि फाउंडेशन के संयुक्त योगदान द्वारा शहरी, ग्रामीण एवं वनांचल से मानपुर-मोहला के बच्चों को निःशुल्क तीरंदाजी का प्रशिक्षण विगत 5 साल से दिया जा रहा है।

### आईबी ग्रुप ने दिया गरीब बच्चों को तीर और धनुष

प्रत्येक वर्ष ग्रीष्मकालीन तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमें आईबी ग्रुप द्वारा बच्चों को डाइट और खेल सामग्री वनांचल क्षेत्र एवं ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को पहचान कर उन्हें आधुनिक सामग्री उपलब्ध कराया जाता है। जिला पुलिस प्रशासन के संरक्षण में तीरंदाजी प्रशिक्षण में प्रतिदिन सुबह-शाम 40 बच्चे तीरंदाजी के गुर सीख रहे हैं।

## ट्रैक्टर ट्रॉली चोरी करने के आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ट्रैक्टर ट्रॉली चोरी के तीन मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल करते 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी ओमप्रकाश पटेल 42 वर्ष भांठागांव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटनास्थल अपने घर के बाजू ग्राम भांठागांव में रखे ट्रेक्टर का ट्रॉली को 13 से 15 नवंबर के दम्यान कोई अज्ञात चोरी कर ले ले गया। रिपोर्ट पर धारा 303 (2) बीएनएस एवं 21 नवंबर को प्रार्थी मनोज कुमार पटेल 48 वर्ष आरा मशीन रोड़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटनास्थल ट्रेक्टर डीलरशीप संस्थान पारीकला में रखे ट्रेक्टर का ट्रॉली को 11 नवंबर को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाना बताया। रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस तथा 21 नवंबर को प्रार्थी धनेश साहू 49 वर्ष साकिन गौरीनगर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटनास्थल आकाश हाउस ऑफ ट्रेक्टर्स जीई रोड़ पार्रीनाला स्थित दुकान में रखे चार चक्का ट्रेक्टर ट्रॉली को घटना 9 से 17 नवंबर के दरम्यान कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया।

### ट्रेक्टर ट्रॉली व एक्टिवा बरामद



फुटेज में मिले क्लू एवं मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी लोकेश कुमार साहू 27 वर्ष राजीव नगर लखोली, सुमीत मौर्या 26 वर्ष ठाकुरटोला, निकेत झारिया 21 वर्ष लेड़ीजोब, टीकम दास साहू 25 वर्ष बछेराभांठा एवं ट्रेक्टर ट्राली खरीदने वाले आरोपी भूषण कुमार देवांगन 40 वर्ष ग्राम नवागांव मेढ़ा, राजकुमार भारती 41 वर्ष सिंगारभांठा जिला रायपुर को घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 3 ट्रेक्टर ट्रॉली, घटना में प्रयुक्त एक ट्रेक्टर का इंजन, एक प्लेटिना मोटर साइकिल, एक टाटा एस वाहन तथा चोरी के पैसा से खरीदे एक सोल्ड एक्टिवा स्कूटी को बरामद कर जब्त किया गया। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर 23 नवंबर को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाला

एसपी अंकिता शर्मा के निर्देश एवं एएसपी राहुल देव शर्मा तथा सीएसपी पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम, चौकी प्रभारी चिखली उप निरीक्षक कैलाशचंद मरई एवं उप निरीक्षक नरेश कुमार बंजारे सायबर सेल के नेतृत्व में अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु तत्काल अलग-अलग टीम गठित कर घटनास्थल एवं उसके आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को खंगाला गया।

## बढ़ी हुई बिजली बिल के खिलाफ युवक कांग्रेस का प्रदर्शन, शहर में निकाली मशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युवा कांग्रेस द्वारा वोट चोरी और बिजली बिल में बढ़ोतरी के मुद्दे को लेकर आज शहर में मशाल रैली निकाली गई। इस मशाल रैली में शामिल होकर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा उठाए गए वोट चोरी के मुद्दे में केंद्र सरकार से गद्दी छोड़ने और प्रदेश में पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा दिए गए 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना को खत्म करने और बिजली बिल में बढ़ोत्तरी के मामले को लेकर प्रदर्शन करते युवा कांग्रेस द्वारा आज शहर में मशाल रैली निकाली गई। इस रैली में शामिल होने पहुंचे युवा कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी अमित पठानिया और सह प्रभारी मोनिका मंड्रे ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर हस्ताक्षर



अभियान चलाया गयाए बिजली दफ्तरों का घेराव किया गया। इसके बाद प्रदेश की सरकार ने 100 यूनिट तक की बिजली बिल हाफ योजना को 200 यूनिट किया है, लेकिन इसे 400 यूनिट किया जाए। उन्होंने कहा कि बिजली की बढ़ती हुई बिल से जनता त्रस्त है। अधिक बिल आने से लोगों के घरों का बजट बिगड़ा हुआ है।

### विभिन्न मार्गों से गुजरी मशाल रैली

वोट चोरी और बढ़ते हुए बिजली बिल के विरोध में मशाल रैली जयस्तंभ चौक से निकलकर विभिन्न मार्गों से जूनीहटरी होते हुए वापस जयस्तंभ चौक पहुंचकर संपन्न हुई। रैली के दौरान युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने इन दोनों ही मुद्दों को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### बड़ी संख्या में शामिल हुए कार्यकर्ता

युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित इस मशाल रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी, अमित चंद्रवंशी, मानव देशमुख, अमर झा, विप्लव शर्मा, संदीप सोनी, गणेश पवार, राजा यादव सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

## जिले में धान खरीदी का कार्य जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में धान की खरीदी का कार्य जोरो पर है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है। जिले के किसानों में धान खरीदी को लेकर उल्लास एवं खुशी है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के सुचारू संचालन के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए हैं।

पृष्ठ 11 का शेष

### बार्डर इलाकों की...

करीब दो दर्जन से ज्यादा ऐसे सोसाइटियों को चिन्हित किया गया है, जहां कोचियों की सक्रियता रहती है। प्रशासन ने इन सोसाइटियों में भी अपने स्तर पर अधिकारियों की नियुक्ति की है। राजस्व व कृषि के अलावा कृषि उपज मंडी के भी अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बार्डर में नाकेबंदी कर अवैध धान को जब्त किया जा रहा है।




## मतदाता सहायता शिविर में पहुंचे महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मोतीपुर वार्ड नं. 8 स्थित शाला परिसर में शिविर का आयोजन कर गणना फार्म भरवाया जा रहा है। मतदाता गणना पत्रक भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित गणना पत्रक में विधिवत भरकर संबंधित क्षेत्रों के बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के माध्यम से एकत्रित किया जा रहा है। जिसके लिए शासन- प्रशासन द्वारा नगरीय क्षेत्रों के वार्डों में मतदाता सहायता शिविर का आयोजन किया जा रहा है।


मोतीपुर स्कूल परिसर में आयोजित ऐसे ही एक शिविर में प्रातः पहुंचकर महापौर मधुसूदन यादव ने वार्डवासियों एवं जनसामान्य से प्रत्यक्ष चर्चा कर मतदाताओं को गणना फार्म भरने में आ रही व्यवहारिक दिक्कतों को समझा एवं उनका निदान किया। महापौर ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण को राष्ट्रीय महत्व का कार्य बताते मतदाताओं से इसमें सहभागिता की अपील की। इस अवसर पर महापौर के साथ उनके भ्राता एवं भाजपा शहर उत्तर मंडल उपाध्यक्ष मदन (मोन्टू) यादव, पार्षदद्वय मनोहर यादव एवं कमलेश बंधे, बूथ अध्यक्ष दीपक साहू एवं जयकिशन जंघेल, भाजपा कार्यकर्तागण हीरा वर्मा, झलक साहू एवं अन्य साथी उपस्थित रहे और मतदाताओं को गणना पत्र भरवाने में मदद करते नजर आए। महापौर ने शिविर में उपस्थित बीएलओ एवं उनके साथ हेल्पडेस्क पर उपस्थित सहायकों से बातचीत कर वार्ड में प्राप्त गणना पत्रक, वितरण की स्थिति, जनता द्वारा भरकर जमा किए गए गणना फार्म एवं ऑनलाइन डिजिटाईजेशन कार्य की प्रगति के संबंध में भी जानकारी ली।



### योगदान देने के लिए मतदाताओं से अपील

महापौर ने शिविर में संचालित सहायता कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में छत्तीसगढ़ सहित देश के अन्य राज्यों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इन्टेन्सिव रिवीजन एसआईआर) का कार्य किया जा रहा है। जिसमें सभी मतदाताओं को अपना गणना फार्म भरकर बीएलओ के माध्यम से निर्वाचन आयोग को जमा करवाना है, ताकि मतदाता सूची का अद्यतनीकरण किया जा सके।



## खबर संक्षेप

### सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल कुण्डा में मनाया गया सप्त शक्ति मातृ सम्मेलन



**हरिभूमि कुण्डा।** प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी कुण्डा में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल में सप्त शक्ति मातृ सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती नंदनी राजकुमार साहू जनपद अध्यक्ष, अध्यक्षता श्रीमती अम्बिका गोलू सोनवानी जनपद सदस्य ने की। इस सप्त शक्ति मातृ सम्मेलन में छात्र छात्राओं द्वारा शानदार व मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। वहीं मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में भारत की विकास में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। उक्त कार्यक्रम में श्रीमती अम्बिका गोलू सोनवानी ने कुटुंब प्रबोधन पर प्रकाश डाला गया साथ में सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति कुण्डा उपाध्यक्ष डी आर चंद्राकर, सचिव रामस्वरूप साहू, सहसचिव नेमेंद्र चंद्राकर, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि श्रीमती सविता साहू, सरपंच प्रतिनिधि श्रीमती रोहणी चंद्राकर साथ ही साथ अभिभावक व मातृ शक्ति गण उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल संचालन नारायण दीप पाटले ने किया। जिस पर विद्यालय के प्राचार्य ईश्वरी राम साहू ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य रामानंद निषाद, दुर्गेश चंद्राकर, श्रीमती शैल विश्वकर्मा, सीमा गोयल, शकुंतला नवरंग, पूजा कश्यप, प्रीति यादव, धनेश्वरी चंद्राकर, अंजुला बंजारे, ज्योति चंद्राकर, निलेश, प्रदीप रजक, संजय साहू, मुकेश पटवा और मातृ शक्ति सहित पालक गण एवं सहित शिक्षक शिक्षकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जोरों पर



**हरिभूमि कुण्डा/कोलेगांव।** प्रदेश भर में वर्तमान समय में निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य कराया जा रहा है, जिसमें ग्राम पंचायत प्रधान पाठक, शिक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सचिव, रोजगार सहायक व कर्मचारी मिलकर इस कार्य को तेजी एवं लगन से किया जा रहा है। बताया जाता है कि इस पुनरीक्षण कार्य से किसी मतदाता का त्रुटिवस एक से अधिक स्थानों पर नाम हो तो वह सुधार कराकर केवल एक मतदाता का एक ही जगह नाम रहेगा। इसी कड़ी में विकासखंड पंडरिया में एसआईआर मास्टर ट्रेनर्स मुन्ना लाल चंद्राकार, व्याख्याता कालीराम चंद्राकर व शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पुनरीक्षण कार्य संबंधी बारीकियो को भली-भांति चिन्हित कर बताया गया, जिनके सहयोग से विकासखंड पंडरिया के सभी ग्राम पंचायत में यह कार्य तेजी पर है। वहीं पर ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में भाग संख्या 190 में कुल 1441 फार्म वितरण कर 1325 फॉर्म को सबमिट कर लिया गया है, इस कार्य में सर्वप्रथम कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम पंचायत पेंड्रीकला के सभी 15 वार्डो में प्रत्येक घरों में जाकर फार्म वितरण कर उसे भरने संबंधी जानकारी ग्रामवासियों को दिया गया एवं दूसरे-तीसरे दिन जाकर पुनः उसे जमा लेकर अपलोड कर ऑनलाइन कार्य किया गया। जिसमें ग्रामवासियों का भी भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ, जहां पर एसआईआर कार्यकर्ता अभिहित अधिकारी बैजनाथ चंद्राकर, प्रधान पाठक बीएलओ श्रीमती बिंदा बंजारे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सुलोचना चौहान, श्रीमती संतोषी चंद्राकर, सचिव रामप्रसाद सिंगरौल, रोजगार सहायक मनीषा डाहिरे द्वारा बहुत ही तेजी एवं बारीकियो से कार्य को जोरों से किया जा रहा है।

### कुई-कुकदूर में जीएसयू ने उमेश्वर मरावी को महाविद्यालय का अध्यक्ष नियुक्त किया गया



**हरिभूमि कुई-कुकदुर।** गत दिनों शनिवार को गोंड़वाना स्टूडेंट्स यूनियन जिला कबीरधाम ब्लॉक इकाई पंडरिया के नेतृत्व में शासकीय नवीन महाविद्यालय कुई–कुकदूर में छात्र संगठन की अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन द्वारा महाविद्यालय अध्यक्ष पद हेतु उमेश्वर मरावी को आगामी आदेश तक नियुक्त किया गया। इस अवसर पर जीएसयू छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थें, जिनमें अभय राज परस्ते पूर्व प्रदेश सचिव, बिसाहू मरकाम प्रदेश उपाध्यक्ष, अनिल तिलगाम ब्लॉक अध्यक्ष, बीरबल, ललित धुर्वे विशेष रूप से उपस्थित थें। सभी पदाधिकारियों ने नवनियुक्त महाविद्यालय अध्यक्ष उमेश्वर मरावी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं गोंड़वाना स्टूडेंट्स यूनियन परिवार ने विश्वास जताया कि नई जिम्मेदारी के साथ वे न केवल विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान में अग्रणी भूमिका निभाएंगे, बल्कि महाविद्यालय के शैक्षणिक और संगठनात्मक माहौल को भी और अधिक सकारात्मक दिशा प्रदान करेंगें।

**कार्यक्रम:** भावना बोहरा ने मितानिनों को सम्मानित कर उनके सेवा भाव के लिए आभार व्यक्त किया

# मितानिन बहनें स्वस्थ प्रदेश व समृद्ध समाज की आधारशिला है: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा/स.लोहारा

रविवार को मितानिन दिवस के अवसर पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने हमर मितान मितानिन दीदी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन स्कूल मैदान ग्राम गैंदपुर में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मितानिन, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें। आयोजन में विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्ट भागीदारी निभाने वाली 600 से अधिक मितानिन बहनों को सम्मानित करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके सेवा भाव एवं स्वस्थ प्रदेश एवं समाज के निर्माण में उनकी भूमिका की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया।

विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि यह दिन उन हजारों मितानिन दीदीयों के समर्पण, सेवा भावना, दायित्व एवं असाधारण कार्यो को नमन करने का अवसर है, जो गांव-गांव, घर-घर जाकर स्वास्थ्य सुरक्षा की ज्योति जला रही हैं। मितानिन केवल एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता नहीं, बल्कि समाज की वह आधार स्तम्भ हैं, जो समय, परिस्थिति और संसाधनों से परे जाकर लोगों के जीवन में बदलाव ला रही हैं। गांव में किसी घर में प्रसव होना हो, किसी बच्चे का टीकाकरण हो, गर्भवती महिला की देखभाल हो, बुजुर्गो का स्वास्थ्य परीक्षण हो या महामारी जैसी चुनौती सामने हो सबसे पहले जो दरवाजे पर पहुंचती हैं, वह हमारी मितानिन बहनें हैं। वे समाज की स्वास्थ्य प्रहरी हैं, जो लोगों को बीमारियों से बचाव के उपाय समझाती हैं, मातृ एवं शिशु के बेहतर स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं, पोषण, स्वच्छता और टीकाकरण के प्रति जन-जागरूकता फैलाती हैं और साथ ही स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य करती हैं। हमारी मितानिनों बहनों की यही सेवा भावना उन्हें हर समुदाय में सम्मान और विश्वास का प्रतीक बनाती है।

## मितानिनों के कार्यो ने ग्रामीण समाज में स्वास्थ्य के प्रति सोच बदली है



विधायक ने कहा कि गांव-गांव, मोहल्ले-मोहल्ले दिन-रात वे पूरी तत्परता और समर्पण से अपने दायित्वों को निभाती हैं। उनकी निरंतरता, धैर्य और निःस्वार्थता ही इस सेवा को विशेष बनाती है। मितानिनों द्वारा किए गए कार्यो ने ग्रामीण समाज में स्वास्थ्य के प्रति सोच बदली है। आज सरकारी अस्पतालों में बढ़ती प्रसूति सेवाएं, टीकाकरण की बढ़ती दर, पोषण की जागरूकता और बीमारियों का कम होता खतरा उनके परिश्रम का प्रमाण है। मितानिन बहनें स्वास्थ्य सेवाओं का अंतिम छोर हैं वे सरकार और जनता के बीच वह सेतु हैं, जिसकी मजबूती पर स्वास्थ्य व्यवस्था की सफलता टिकी है। आज मितानिन दिवस के अवसर पर आयोजित यह सम्मान समारोह उन सभी बहनों को समर्पित है जिनकी सेवा, त्याग, संवेदनशीलता और मेहनत समाज को स्वस्थ और जागरूक बना रही है। यह केवल सम्मान नहीं, बल्कि समाज और जनप्रतिनिधित्व की ओर से उनकी प्रतिबद्धता को नमन है।

### स्वास्थ्य सेवाओं, सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने में अभूतपूर्व कार्य कर रही है

भावना बोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार मितानिनों के प्रशिक्षण, मानदेय, उपकरण और डिजिटल साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही समय-समय पर उन्हें प्रशिक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण और सामुदायिक सशक्तिकरण पर निरंतर ध्यान केंद्रित कर रही है। स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के साथ ही लगातार स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के साथ-साथ गुणवत्ता सुधार पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# अज्ञात महिला द्वारा ठगी, सोना-चांदी व घरेलू सामान लेकर फरार

## थाना कुकदूर पुलिस टीम जांच पड़ताल में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुकदूर

थाना कुकदूर क्षेत्रांतर्गत ग्राम कुई में गुरुवार-शुक्रवार को एक ही तरीके से कई परिवारों से ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। जिस पर पीड़ितों ने थाना कुकदूर में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि गत दिनों 18 नवम्बर की सुबह करीब 8-10 बजे के बीच एक अज्ञात महिला उनके घर पहुंची और घर की महिलाओं से सोना चमकाने तथा बर्तन साफ करने के बहाने सोना-चांदी के जेवर और अन्य सामान लेकर फरार हो गई। वहीं शिकायतों के अनुसार महिला ने घर में मौजूद महिलाओं को लालच देकर आभूषण साफ करने के लिए मांगे और फिर 19 नवम्बर को सामान वापस लाने की बात कहकर निकल गई। जब वह अगले दिन नहीं लौटी तो परिजन उसे खोज-बीन के लिए निकले, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। वहीं पीड़ितों ने अपनी शिकायतों में बताया कि अज्ञात महिला सोना-चांदी के अलावा कुछ घरों से बर्तन, पीतल-कांसा के बर्तन, सिल्वर के आभूषण तथा घरेलू सामग्री भी ले गई। सभी मामलों में पीड़ितों को लाखों रुपए की नुकसान हुई है। जिसमें पीड़ित ग्रामवासी सकीला पति इसहाक, सरोज बर्वे पति मनोज, संतोषी बांधेकर पति रमेश, चितरेखा खरे पति विनोद सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं। वहीं शिकायतकर्ताओं ने पुलिस से अपील की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द अज्ञात महिला की पहचान कर बड़ी कार्यवाही की मांग तथा सामान वापस दिलाया जाने अपील की गई। वहीं थाना कुकदूर पुलिस ने शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि की है तथा मामले की जांच की जा रही है।




## सरपंच ने मितानिन दीदीयों को सम्मानित किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम पंचायत सेमरकोना, कोलेगांव, कुण्डा, दामापुर सहित आसपास के ग्राम पंचायत में भी में मितानिन दिवस समारोह विधि-विधान से मां सरस्वती का चित्र पर पूजा-अर्चना करते हुए मनाया गया। जिसमें ग्राम पंचायत सेमरकोना सरपंच श्रीमती उतरा धुर्वे द्वारा महिला समूह एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका के समक्ष मितानिन दिवस समारोह मनाया गया। इस मितानिन दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती उतरा धुर्वे द्वारा सभी मितानिनों को साड़ी एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। उन्होने कहा कि मितानिन हर क्षेत्र में आज पंचायत स्तर में जो भी कार्य होता है, उसमें विशेष सहयोग दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत की किसी भी कार्य में हो चढ़-बढ़कर हिस्सा लेते हैं एवं सहयोग देते है मितानिन हर क्षेत्र में सम्मान के योगदान है। जिसमें सरपंच श्रीमती उत्तरा धुर्वे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, मितानिन सहित समस्त ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

## कांग्रेस के दबाव में आकर सरकार ने की 200 यूनिट तक हाफ बिजली बिल की घोषणाः ममता

**हरिभूमि कोलेगांव।** जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती ममता शुक्ला ने कहा की मुख्यमंत्री द्वारा 200 यूनिट तक हाफ-बिजली प्रदान करने की कांग्रेस के दबाव में आकर फैसला लिया।



कांग्रेस सरकार के दौरान पूर्व में 5 वर्षो तक उपभोक्ताओं को 400 यूनिट बिजली का बिल का लाभ प्रदान किया गया था, लेकिन भाजपा ने उसकी छूट घटाकर 100 यूनिट कर दिया, जिसका परिणाम रहा कि कई महीनो तक बढ़े हुए बिजली बिल आम नागरिकों की बजट बिगाड़ा है। पूर्व कांग्रेस सरकार ने जनहित में इस मुद्दे को लेकर आवाज उठाई थी और पूर्ववर्ती भूपेश सरकार की तरह आम उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक बिजली योजना पुनः प्रदेश में लागू करने की मांग की थी। वहीं गरीब उपभोक्ताओं के आक्रोश से भयभीत होकर कांग्रेस की दबाव में आकर अंततः 200 यूनिट तक बिजली हाफ योजना का लाभ प्रदान करने की घोषणा किया। उन्होने बताया कि कोयले पर सेंड हटाने और दाम कम होने के बावजूद बिजली का दाम नहीं घटाए, बिजली उत्पादन की लागत कम होने के बाद भी दलों में कटौती न करना सरकार की नाकामी है। वहीं उद्योगपति और संगठनों को दर्शाता है भाजपा की साय सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान 2 वर्षो में 4 और बिजली दलों में बढ़ोत्तरी कि जबकि प्रदेश देश का सबसे बड़ी विद्युत उत्पादक राज्यों में शामिल है। छत्तीसगढ़ की कोयले से अन्य राज्य रौशन हो रहे हैं, हमारी बिजली-कोयला होने के बाद दरों में वृद्धि तथा जो छूट मिल रही है उसे बंद कर सरकार ने प्रदेशवासियों को लूटने का काम किया। श्रीमती शुक्ला ने बताया कि 300-400 रूपए बिजली बिल पटाने वाले उपभोक्ताओं को 1000-1200 रुपए तक बिजली बिल भेजा गया, जिससे घर का बजट बिगड़ गया, अब सरकार जननायक से भयभीत होकर केवल 200 यूनिट तक बिजली बिल योजना लागू करने का निर्णय ले रही है, सरकार को चाहिए कि तत्काल 400 यूनिट खपत तक बिजली बिल प्रदेश में पुनः लागू कर उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करें।

## नवीन महाविद्यालय एवं हाईस्कूल कुण्डा में चलाया स्वच्छता अभियान

- भाजपा मण्डल कुण्डा ने एक पेड़ मां के नाम पौध रोपण किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

भाजपा मण्डल कुण्डा ने सरकारी संस्थानों में चलाया जा रहे स्वच्छता अभियान एवं एक पेड़ मां की नाम के तहत पौधरोपण किया। जिसमें प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के कुशल मार्ग दर्शन में मण्डल स्तरीय स्वच्छता अभियान तथा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत नवीन महाविद्यालय एवं हाईस्कूल परिषर में सम्पन्न हुआ। बताया जाता है कि प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जयंती पर 17 से 26 नवंबर तक विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में रविवार को भाजपा मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के नेतृत्व में शासकीय नवीन महाविद्यालय परिषर कुण्डा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुण्डा में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई कर स्वच्छता के लिए नागरिकों को जन जागरुक किया। वही एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण के दौरान बालमुकुंद चंद्रवंशी, रामस्वरूप साहू, मनहरण साहू, संतोष चंद्रवंशी, कृष्णा चंद्राकर, गणेश यादव, ओबीसी ध्वजाराम चंद्राकर, रमन खनूजा, गणेश सोलंकी, शेखर सिंगरौल, साहेबलाल सोनवानी, पन्ना साहू, बबली साहू, साजन सारथी, राजकुमार साहू एवं समस्त मण्डल के गणमान्य नागरिक तथा कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।



**मुरूमीकरण एवं गिट्टी की राबिस डलवाकर सड़क को मरम्मत कार्य करवाया जा रहा**

# विधायक के पहल से हथमुड़ी व महली मार्ग का मरम्मत कार्य शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के पहल से जर्जर व बदहाल हथमुड़ी एवं महली मार्ग का मरम्मत कार्य शुरू की गई। बताया जाता है कि कुण्डा से महली एवं पेंड्रीकला से हथमुंड़ी मार्ग अत्यंत जर्जर होने के कारण ग्रामवासियों एवं राहगीरों को आवागमन करने में अधिक परेशानियों का सामना तथा राहगीर सड़क हादसे की शिकार हो रहे थे, जिस पर ग्रामीणों ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों ने क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा से उक्त सड़क की मरम्मत कार्य कराने जाने कि मांग की गई।

जिस पर विधायक श्रीमती बोहरा ने मांग को गंभीरता से लेते हुए सेवा ही भावना को चरितार्थ करते हुए त्वरित दोनों मार्गो में शनिवार को मुरूमीकरण एवं गिट्टी की राबिस डलवाकर सड़क को मरम्मत कार्य करवाया जा रहा है। ग्रामीण किसानों से मिली जानकारी के अनुसार कुण्डा क्षेत्र में अधिकतर कृषक परिवार निवासरत है और हाल में धान एवं गन्ने की फसल खेत-खलिहान से घर एवं शक्कर कारखाना ले जाना होता है, वहीं सड़क में जगह जगह गड्ढे व सड़क अत्यंत खराब होने के कारण आवाजाही बाधित एवं अन्य वाहन हादसे का शिकार हो जाता है, जिसे कृषकों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता था।

### सड़क मरम्मत से आवागमन में मिलेगी ग्रामीणों व राहगीरों को सुविधा

बताया जाता है कि सड़क के मरम्मत कार्य होने से कुण्डा से महली एवं पेंड्रीकला से हथमुंड़ी मार्ग में राहगीरों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। जिस पर उक्त सड़क के मरम्मत कार्य होने पर ओम यद्धु, सुरेश दुबे, बालमुकुंद चंद्रवंशी, दिनेश मिश्रा, मनहरण साहू, सुमन गुप्ता, रामकुमार चंद्राकर, कृष्ण चंद्राकर, संतोष चंद्रवंशी, गणेश यादव, अमन खनूजा, भूपेंद्र चंद्राकर, सूरज यादव, शशांक शर्मा, प्रताप सेन सहित क्षेत्र की भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासियों ने विधायक भावना का आभार व्यक्त किया।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के बीएलए बैठक लेने पहुंचे प्रदेश सहप्रभारी व पूर्व मंत्री



**हरिभूमि पंडरिया।** नगर के ब्राम्हण समाज भवन में कांग्रेस का बैठक आयोजित की गई जिसमें राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश सहप्रभारी विजय जांगिड़, पूर्व मंत्री व कांग्रेस के वरिष्ट नेता रविंद्र चौबे, दुर्ग पूर्व विधायक अरुण बोरा, जिला प्रभारी पदम कोठारी व जिला अध्यक्ष की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सभी ने बैठक में बीएलए व कांग्रेस के नेताओ को एसआईआर के संबंध में जानकारी दी और सभी मतदाताओं के घर जा कर उनसे मिलकर नाम जुड़वाने की अपील कांग्रेस कार्यकर्ताओ से की। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी विजय जांगिड़ ने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का काम हम सब को करना है कोई भी मतदाता छुटे न इसी से हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा, पूर्व मंत्री रवींद्र चौबे ने अपने अंदाज में कार्यकर्ताओं से संवाद किया और कांग्रेस के बीएलए व कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों से कहा कि एक एक वोट कीमती है हम सब को बढ़-चढ़कर मेहनत कर के घर-घर जाकर मतदाताओं को होने वाली परेशानी को दूर करना है, भाजपा सरकार किसान विरोधी है, तीन वर्ष बाद फिर से कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। वहीं बैठक को पूर्व विधायक अरुण बोरा, जिला प्रभारी पदम कोठारी, पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, पूर्व प्रत्याशी नीलकंठ चंद्रवंशी व स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष व किसान अध्यक्ष रवि चंद्रवंशी ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मनीष शर्मा ने किया। इस दौरान राधेलाल भास्कर, लालजी चंद्रवंशी, पारस बंगानी, उतरा दिवाकर, गुरुदत्त शर्मा, निर्मल सलूजा, दिनेश कोसरिया, आनंद सिंह ठाकुर, अन्नपूर्णा चंद्राकर, सीमा अगम अनंत, चंद्रभान कोसले, सुभाष पूरी गोस्वामी, वैभव ठाकुर, आशु साहू, सुजल ठाकुर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### सीजी बोर्ड ने जारी की परीक्षा समय सारिणी

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर ने बोर्ड कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं वार्षिक परीक्षा की समय सारिणी घोषित कर दी है। इस संबंध में बोर्ड से मिली जानकारी के मुताबिक मंडल रायपुर ने मुख्य परीक्षा हाई, हायर सेकेंडरी व शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि परीक्षा की समय सारिणी जारी कर दी है। हायर सेकेंडरी परीक्षा 20 फरवरी से 18 मार्च 2026 तक, हाई स्कूल परीक्षा 21 फरवरी से 13 मार्च तक होगी।

# आवारा कुत्तों के आतंक को रोकने के लिए शिक्षा विभाग सहित सात विभागों को जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में लगातार बढ़ रही आवारा कुत्तों की संख्या और उनके आतंक को रोकने के लिए राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद सरकार ने सात विभागों को समन्वित अभियान चलाने की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके तहत पंचायत व ग्रामीण विकास, लोक निर्माण विभाग, स्कूल शिक्षा, विभाग, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र और पशुधन विकास विभाग को स्पष्ट रूप से अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हाल ही में हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद सभी संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए पत्र जारी किया गया है। इसके अनुसार, अभियान के पहले चरण में प्रत्येक संस्था का प्रमुख यह चिन्हित करेगा कि कुत्ते परिसर में किन-किन रास्तों से प्रवेश करते हैं। इसके बाद 6 सप्ताह के भीतर उन मार्गों को रोकने की प्रभावी व्यवस्था करना अनिवार्य होगा। अधिकारियों का कहना है कि बहु-विभागीय समन्वय और व्यवस्थित योजना के माध्यम से न केवल कुत्तों के आतंक पर काबू पाया जा सकेगा, बल्कि सार्वजनिक स्थलों और शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षा भी बढ़ेगी। जरूरत पड़ने पर विभाग एक-दूसरे से सहयोग भी लेंगे, ताकि अभियान अधिक प्रभावी और परिणामकारी हो सके। प्रदेश में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और उसके आतंक को रोकने सात विभाग मिलकर संयुक्त अभियान चलाएंगे। राज्य सरकार की ओर से विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। एक सप्ताह के भीतर ऐसे स्कूलों, अस्पतालों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और खेल मैदानों की पहचान की जाएगी, जहां आवारा कुत्तों की बे-रोकटोक एंट्री होती है। इसके बाद विभागों की ओर से रोकने गेट, फेंसिंग और दूसरे उपाए किए जाएंगे। कुत्तों के खिलाफ चलाए जाने वाले अभियान के लिए हर जगह एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी।



### कवर्धा सहित जिले में लगातार बढ़ रही आवारा कुत्तों की संख्या

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिला मुख्यालय कवर्धा सहित समूचे जिले में आवारा कुत्तों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बात अगर कवर्धा नगर की कि जाए तो यहां का कोई ऐसा गली, मोहल्ला या सार्वजनिक स्थान नहीं है जहां आवारा कुत्तों की धमाचौकड़ी देखने को न मिले। इतना ही नहीं इन आवारा कुत्तों का आतंक भी कवर्धा नगर में आए दिन देखने और सुनने को मिलता है। लोगों पर, पालतू मवेशियों पर झपट्टा मारना और उन्हे नुकसान पहुंचाना आम बात हो चुकी है। अभी कुछ माह पूर्व आवारा कुत्तों के एक झुंड ने नगर के एक पोल्ट्री फार्म में धावा बोलकर दर्जनों मुर्गियों को मौत के घाट उतार दिया था। इसलिए माना जा रहा है कि इस समस्या के स्थाई समाधान की जरूरत महसूस की जा रही है।


**शिकार:** गाय लेकर मध्यप्रदेश के सुपखार परिक्षेत्र में गया था ग्राम सिंघनपुरी का चरवाहा

# बाघ ने किया बुजुर्ग चरवाहे का शिकार तलाशी में मिला मृतक का आधा शरीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के सीमावर्ती वनांचल ग्राम सिंघनुपरी से एक दिलदहला देने वाली घटना सामने आई है। जानकारी के मुताबिक गाय चराने जंगल गए ग्राम सिंघनपुरी निवासी एक बुजुर्ग ग्रामीण को जंगल के राजा बाघ ने अपना शिकार बना डाला। इस घटना के सामने आने के बाद हरकत में आई क्षेत्रीय पुलिस और वन विभाग की टीम ने सर्चिंग अभियान चलाकर मृत ग्रामीण का कमर के नीचे का हिस्सा बरामद कर लिया है जबकि ऊपर का हिस्सा गायब है। शव की स्थिति तथा घटना स्थल की परिस्थितियों को देखते हुए इस बात की पूरी आशंका व्यक्त की जा रही है कि ग्रामीण का शिकार बाघ ने ही किया है वहीं मृतक के परिजनो ने भी मृतक की शिनाख्त कर ली है। दूसरी तरफ इस सनसनी खेज और दिलदहाले देने वाली घटना के सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिंघनपुरी निवासी गुनीराम यादव आयु 65 वर्ष रोज की तरह गत शनिवार को भी अपने पोते के साथ गाय चराने कान्हा नेशनल पार्क के कोर एरिया सूपखार जंगल की ओर गया था। बताया जाता है कि इसी दौरान मुनीराम अचानक गायब हो गया। जिसकी उसके पोते ने आसपास तलाश की लेकिन उसके दादा का कहीं कोई अतापता नहीं चला। जिसके बाद गुनीराम का पोता घर लौट आया और अपने दादा के जंगल में लापता होने की जानकारी परिजनो को दी। देरशाम तक गुनीराम के घर नहीं लौटने पर परिजनो ने किसी अनहोनी की आशंका को भांपते हुए उसकी गुमसुदगी चिल्फी थाना में दर्ज करा दी। जिसके बाद रविवार को पुलिस और वन विभाग की टीम द्वारा गुनीराम की खोजबीन शुरू की गई। बताया जाता है कि खोजबीन के दौरान मध्यप्रदेश के सुपखार परिक्षेत्र क्रमांक 314, थाना मंडला के जंगल में एक व्यक्ति का शव मिला, जिसकी आधी देह गायब थी। कमर के नीचे के हिस्से में पहने गए कपड़े आदि से मृतक के परिजनो ने उसकी पहचान गुनीराम यादव के रूप में की। शव की स्थिति को देखते हुए वन विभाग यह मान रहा है कि ग्रामीण का शिकार बाघ ने ही किया गया है। अब मामले में मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।







### सीमावर्ती वनांचल के ग्रामीणों में भारी दहशत

घटना के बाद से ग्रामीणों में गहरा भय व्याप्त है। लोग जंगल की ओर जाने से गुरेज कर रहे हैं, वहीं प्रशासन ने भी आसपास के गांवों में सतर्कता बढ़ा दी है। वन विभाग का कहना है कि दोनों राज्यों की टीमें स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बाघ की गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए आसपास के क्षेत्रों में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है और ग्रामीणों को सावधानी बरतने की अपील की गई है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ समय से जंगल में बाघ की आवाजाही बढ़ी है, लेकिन पहली बार इस तरह की गंभीर घटना सामने आई है। कुल मिलाकर जिले के सीमावती वनांचल के ग्रामीणों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है जिसके चलते वे दहशत में है।

# पुलिया से नदी में गिरा रेत से भरा ट्रैक्टर, चालक गंभीर रूप से घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

अवैध रेत उत्खनन और परिवहन की मनमानी ने एक बार फिर गंभीर हादसे को जन्म दे दिया। शनिवार दोपहर कुकदूर थाना क्षेत्र के ग्राम कोदवागोड़ान में रेत से भरा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पुलिया से सीधे नदी में जा गिरा। हादसे में ट्रैक्टर चालक पुसऊ राम गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे ग्रामीणों की मदद से तुरंत लोरमी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना में ट्राली पुलिया पर फंस गई, जिसे बाद में जेसीबी की मदद से हटाया गया। हैरानी की बात यह है कि इसी क्षेत्र में इस तरह की दुर्घटना यह दूसरी बार हुई है, लेकिन फिर भी अवैध रेत परिवहन और उत्खनन पर किसी प्रकार की ठोस रोक नहीं लगाई गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि आगर नदी से अवैध रूप से रेत निकालकर संकरे और जोखिमभरे रास्तों से ट्रैक्टरों में परिवहन किया जा रहा है, जिसके कारण दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बढ़ रही है। चिंता की बात यह है कि रेत माफियाओं पर कार्रवाई का अभाव और प्रशासन की चुप्पी, इस अवैध कारोबार के बढ़ते नेटवर्क को खुला संरक्षण देती प्रतीत होती है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो इस तरह की घटनाएं और भी गंभीर परिणाम ला सकती हैं। अब सभी की निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि क्या वे अवैध रेत कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए निर्णायक कदम उठाएंगे या हादसों का सिलसिला यूं ही जारी रहेगा।

# दुल्लापुर, नेवारीगुड़ा, कान्हाभैरा, कंझेटा मार्ग निर्माण के लिए 7 करोड़ की स्वीकृति

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई है। क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग दुल्लापुर, नेवारीगुड़ा, कान्हाभैरा से कंझेटा तक सड़क का निर्माण अब पूरा होने जा रहा है।

इस महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य हेतु 7 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। यह स्वीकृति क्षेत्र के विकास को नई दिशा देगी तथा नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही परेशानियों का समाधान करेगी। क्षेत्रवासियों ने इस जनहितकारी पहल के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि वर्षों से इस मार्ग के अभाव में आवागमन एवं आर्थिक गतिविधियों में बाधाएं आती थीं। अब सड़क निर्माण होने से न केवल परिवहन की सुविधाओं में सुधार होगा बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य तथा व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 के सदस्य कैलाश चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर लगातार प्रयासरत हैं। उनके मार्गदर्शन एवं पहल पर क्षेत्र में अधोसंरचना और मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए कई योजनाएं स्वीकृत होती जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि दुल्लापुर नेवारीगुड़ा से कान्हाभैरा तक सड़क इस क्षेत्र की जीवनरेखा है। दुल्लापुर के नहर पार से होते हुए नेवारीगुडा तक गांव के बाहर से नहर पार पर सडक का निर्माण होगा जो दुल्लापुर और नेवारीगुडा के बायपास के रूप में सडक का निर्माण होगा क्षेत्र के वर्षों पुरानी मांग को उपमुख्यमंत्री ने स्थानीय रहवासियों की भावनाओं को समझते हुए इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए 7 करोड़ की राशि की स्वीकृति दिलाई है, जिसके लिए हम क्षेत्र की ओर से उनका हृदयपूर्वक धन्यवाद करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सड़क निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किए जाने की तैयारी चल रही है।

इसके पूरा होने के बाद ग्रामीण अंचल के विकास को नई गति मिलेगी। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने कहा कि यह स्वीकृति उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की संवेदनशीलता और जनसेवा की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## सीईओ की उपस्थिति में बैगा आदिवासियों ने आवास जल्द बनाने लिया संकल्प



कवर्धा। जिले के जनपद पंचायत पंडरिया अंतर्गत सुदूर वनांचल ग्राम पंचायत अमनिया के आश्रित ग्राम अमलीटोला एवं ग्राम पंचायत बदना मे जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने रात्रि चौपाल लगाकर जन मन अंतर्गत स्वीकृत आवास के निर्माण को जल्दी पूरा करने एवं योजना का लाभ उठाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। ग्रामीणों से उनके आवास प्रगति के बारे में चर्चा कर निर्माण कार्य में हो रही परेशानियों की सम्पूर्ण जानकारी ली। रात्रि चौपाल में उपस्थित छत ढ़लाई पूर्ण करने वाले एक हितग्राही को उत्साह वर्धन स्वरूप श्रीफल भेंट किया गया। हितग्राही से चर्चा के दौरान आवास पूर्ण करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए और निर्माण कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा करने की बात कही गई। सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी ने हितग्राहियों के साथ उनके निर्माणाधीन आवासो का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री जनमन आवास के हितग्राहियों जो विशेष पिछले जनजाति बैगा समुदाय से है उन्हें बताया कि इस योजना से 2 लाख रुपए की राशि आवास बनाने के लिए मिल रहा है। चार किस्तों में मिलने वाले राशि से वह अपना पक्का घर जल्दी बनाएं। हितग्राहियों को उच्च गुणवत्ता के रेती, सीमेंट, गिट्टी एवं ईट सहित अन्य निर्माण सामग्रियों का उपयोग करने का सुझाव दिया गया। वनांचल क्षेत्र में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की दीदियों द्वारा डीलर दीदी के रूप में कार्य करने की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। चौपाल में बताया गया कि डीलर दीदी के माध्यम से सेंट्रिंग प्लेट एवं अन्य निर्माण सामग्री सही दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है और वह भी समय पर गांव में मिला रहा है जिसके लिए कहीं दूर जाने की आवश्यकता नहीं है। रात्रि चौपाल के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पंडरिया, कार्यक्रम अधिकारी, जिला समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, विकासखंड समन्वयक सहित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आवास मित्र, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# 0-5 वर्ष के बच्चों को निमोनिया से बचाव के लिए नियमित टीकाकरण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को निमोनिया से बचाव व जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सांस (सोशल अवेयरनेस एंड एक्शन टू न्यूट्रलाइज न्यूमोनिया सक्सेसफुली) अभियान 12 नवम्बर 2025 से शुरू हो गया है। यह अभियान आगामी 28 फरवरी 2026 तक चलेगा। इस अभियान का लक्ष्य 0-5 वर्ष के बच्चों को निमोनिया से बचाने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना और इसके लक्षण, कारण तथा उपचार के उपायों की जानकारी प्रदान करना है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है क्योकि पांच साल तक के बच्चों की मृत्यु का एक बड़ा कारण निमोनिया है। इस अभियान के तहत न्यूमोकोकल कान्जुगेट वैक्सीन पीसीवी के महत्व को समझाया जा रहा है। टीकाकरण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.डीके तुर्रे ने सर्दियों के मौसम में विश्व सावधानी रखने की सलाह दी। डॉ.सलिल मिश्रा शिशु रोग विषेषज्ञ एवं डॉ.जूही सोनवानी शिशु रोग विषेषज्ञ, सुश्री आराधना बंजारे डीपीएचएन ने प्रशिक्षण में निमोनिया की रोकथाम और उपचार के तरीकों की जानकारी दी।



### नियमित टीकाकरण ही कारगर उपाय

विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया कि नियमित टीकाकरण से बच्चों में होने वाले निमोनिया को रोका जा सकता है। इसके लिए न्यूमोकोकल कान्जुगेट वैक्सीन (पीसीवी) के डोज लगाए जाते हैं। बच्चों को यह टीका 6 सप्ताह, 14 सप्ताह और 9 वें महीने में लगाया जाता है। विभाग की टीम घर-घर जाकर निमोनिया से बचाव के उपाय, टीकाकरण की जानकारी साझा करेगी। प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों को आक्सीजन कंसट्रेटर और नेबुलाइजर के उपयोग के साथ पोषण व स्वच्छता के महत्व पर जोर देने कहा गया।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के लिए कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

दिल्ली पब्लिक स्कूल महाराजपुर कवर्धा में गत शनिवार को कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए विविध शैक्षणिक, रचनात्मक एवं जागरूकता गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पॉक्सो अधिनियम पर जागरूकता सत्र से हुई, जिसमें तरुण सिंह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा योगेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को बच्चों की सुरक्षा, गैर-जमानती अपराध एवं कानूनी प्रावधानों के बारे में जागरूक किया। इसके पश्चात कक्षा 6-8 के विद्यार्थियों के बीच संविधान आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसे विद्यालय के शिक्षकों द्वारा तैयार किया गया और प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। प्रतियोगिता में बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू), चित्र पहचान आधारित प्रश्न, मौखिक प्रश्न, तथा संविधान से संबंधित शब्दों की वर्तनी पूछने वाला राउंड शामिल थे, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसी क्रम में कक्षा 6 में किचन गार्डन गतिविधि, कक्षा 7 में टाई एण्ड डाई गतिविधि, तथा कक्षा 8 में विज्ञापन निर्माण गतिविधि भी क्लास टीचर के मार्गदर्शन में कराई गईं। इसके बाद कक्षा 6-8 के विद्यार्थियों को पॉलिटेक्निक महाविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया, जहां विद्यार्थियों ने प्रयोगशालाओं, इंजीनियरिंग उपकरणों और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त की।

**श्रद्धालुओं का फूल-मालाओं व तिलक लगाकर किया गया अभिनंदन**

# श्री रामलला के दर्शन कर कवर्धा लौटे श्रद्धालुओं का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की ओर से रविवार को अयोध्या में विराजित प्रभु श्री रामलला के दर्शन कर वापस कवर्धा लौटे 69 श्रद्धालुओं का जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नितेश अग्रवाल, नगरपालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, श्रीमती सतविंदर पाहुजा, नरेन्द्र मानिकपुरी, योगेश चंद्रवंशी ने अभूतपूर्व स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होंने अयोध्या से दर्शन करके आए श्रद्धालुओं का कवर्धा विधायक कार्यालय में तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर और श्रीफल शॉल भेंट कर स्वागत और अभिनंदन किया। जिससे उनकी यात्रा और भी स्मरणीय बन गई। उन्होनें सभी श्रद्धालुओं से अयोध्या दर्शन यात्रा के अनुभव के बारे में जाना। भगवान राम लला में तीर्थ दर्शन कर लौटे माताओं और बुजुर्गों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को इस स्वागत के लिए धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में मोदी की गांरटी को पूरा करते हुए प्रभु श्री रामलला दर्शन योजना का संचालन किया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि रामलला का दर्शन हर श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष और आध्यात्मिक अनुभव होता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रभु श्री रामलाल दर्शन योजना प्रारंभ की है जिससे प्रदेश के श्रद्धालुओं को अयोध्या में भगवान श्री राम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि सभी श्रद्धालु अपने गांव में जाकर रामलला दर्शन से प्राप्त आनंद की अनुभूति का अनुभव जरूर साझा करें। श्रद्धालुओं ने कहा कि रामलला का दर्शन करना एक अविस्मरणीय अनुभव है। अयोध्या में अपने आराध्य प्रभु श्री रामलला के दर्शन से मन को शांति और आत्मिक संतोष मिलता है।



# ट्राई द्वारा गांव में दूरसंचार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

ग्राम पंचायत किशुनगढ़ में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण द्वारा दूरसंचार सेवाओं को लेकर महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ट्राई के सीएजी सदस्य डॉ.नवीन श्रीवास्तव ने ग्रामीणों को टेलीकॉम सर्विसेज, साइबर ठगी, फ्रॉड कॉल, मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी, डी-एन-डी सेवा, एआई आधारित सुरक्षा उपायों तथा ट्राई माइ स्पीड एप्प की सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम ग्राम पंचायत सभागार में आयोजित हुआ।

जहां वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र पांडेय, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम ग्रामीणों को जागरूक करने और डिजिटल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

ग्राम पंचायत सरपंच रोहित टंडन, वीरेन्द्र चंद्राकर एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ट्राई द्वारा दी गई जानकारी से ग्रामीणों को सीधा लाभ प्राप्त होगा। कार्यक्रम के अंत में पंचायत के प्रतिनिधियों को ट्राई की ओर से प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

समूचे आयोजन में सरपंच रोहित टंडन, सचिव लोचन चंद्राकर, वीरेन्द्र चंद्राकर, सुरेंद्र पांडेय, हेमलता, राजकुमारी चंद्राकर, संत कुमारी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।